दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 316 जयपुर, बुधवार, 25 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को 149 रन से हराया




**मुंबई।** वनडे विश्व कप 2023 के 23वें मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को हरा दिया है। इस जीत के साथ अफ्रीकी टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर आ गई है और सेमीफाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 382 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश 233 रन ही बना पाया और मैच 149 रन से हार गया। इस टूर्नामेंट में यह दक्षिण अफ्रीका की चौथी जीत है। इस मैच में जीत के साथ ही अफ्रीकी टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर आ गई है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट खोकर 382 रन बनाए थे। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 46.4 ओवर में 233 रन ही बना पाई और मैच 149 रन से हार गई। बांग्लादेश के लिए महमुदुल्लाह रियाद ने 111 रन बनाए, लेकिन उनकी पारी टीम के काम नहीं आ सकी।

### अमेरिका में एक साथ टकराए 158 वाहन, 7 की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में दक्षिण लुइसियाना में लगी आग के धुएं और सुबह के घने कोहरे के कारण एक भीषण कार दुर्घटना में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने सोमवार रात कहा कि इस भीषण दुर्घटना में 158 वाहन शामिल थे और मरने वालों की संख्या और भी अधिक हो सकती है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

डोली भूमि गिरत दसकंधर। छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर॥
धरनि परेउ द्वौ खंड बढ़ाई। चापि भालु मर्कट समुदाई॥



## आदर्श नगर में 105 फीट के रावण का दहन

*जयपुर। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व प्रदेशभर में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रदेशभर में कई जगहों पर रावण दहण किया गया। जयपुर में सबसे बड़ा रावण दहन विद्याधर नगर में किया गया। यहां पर 121 फीट का रावण का पुतला जलाया गया, वहीं आदर्श नगर में 105 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। जोधपुर में हुए रावण दहन आयोजन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सम्मिलित हुए। इसके अलावा कोटा, बूंदी, टोंक सहित कई जिलों में दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।*

■ पेज 3 भी देखें

फोटो: राजेश कुमावत

### जोधपुर में सीएम गहलोत का भाजपा पर वार, कहा...

# ‘BJP धर्म की राजनीति करती है और हम करते हैं विकास की’

- पुजारियों, गोशालाओं के लिए बहुत कुछ किया
- जनता पर भरोसा, कांग्रेस सरकार होगी रिपीट

**बेधड़क** | जोधपुर/ जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, ‘भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करती है, लेकिन हम धर्म की राजनीति नहीं करते। हम सिर्फ बातें नहीं करते धरातल पर काम करते हैं। हमने पुजारियों को बहुत कुछ दिया। लंपी बीमारी फैली तब गायों के लिए बहुत कुछ किया। गोशालाओं के लिए अनुदान दिया, हमने कभी धर्म का राजनीति में उपयोग नहीं करके विकास की राजनीति की है।’

मुख्यमंत्री गहलोत जोधपुर की सरदारपुरा से टिकट मिलने के बाद जोधपुर दौरे पर हैं। उन्होंने मंगलवार को माली समाज के छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में शिरकत की। इस दौरान राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों, छात्रों, महिलाओं सहित सभी वर्गों के लिए कांग्रेस सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं। हमें इन योजनाओं के कारण प्रदेश की जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार रिपीट होने जा रही है।

गहलोत ने कहा कि दो दिन में जोधपुर वासियों, खासकर सरदारपुरा क्षेत्र के मतदाताओं का आशीर्वाद मुझे मिल चुका है। यहां के लोगों से मुझे पूरे प्रदेश के दौरे करने की इजाजत मिल चुकी है। अब मैं सुकून के साथ प्रदेशभर में जनसम्पर्क अभियान के लिए जाऊंगा। उन्होंने यह बात सरदारपुरा क्षेत्र में मंगलवार सुबह दूसरे दिन का जनसम्पर्क अभियान शुरू करने से पहले जोधपुर के मीडिया से बातचीत में कही।

गहलोत ने कहा, हमारा हर कदम गरीब, दलित और पिछड़ों के लिए है। चाहे वे किसी भी कौम के हों। सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब पेंशन की न्यूनतम राशि एक हजार रुपए कर दी गई है। उन्होंने कहा की कांग्रेस की सरकार में सैकड़ों की संख्या में कॉलेज खोले, महिलाओं के सम्मान का पूरा ध्यान रखा। उन्होंने कहा कि हम गरीब को गणेश मानकर काम करते हैं। इनकी वजह से ही कामयाब होते हैं। प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार रिपीट होने का विश्वास जताते हुए सीएम ने कहा कि हमने जो गवर्नेंस दी, जो कानून लागू किए और जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई, उन्हीं की बदौलत राजस्थान आज मॉडल स्टेट बन चुका है। हमें फिर से जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

■ पेज 2 भी देखें

### शिक्षा के क्षेत्र में हमने किए खूब काम: मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा, ‘हमने शिक्षा के क्षेत्र में हमने बहुत काम किया। अंग्रेजी मीडियम स्कूल किए। 3,600 नए स्कूल खोले। हमारी सरकार 500 बच्चों को विदेश भेज रही है। वहां से शिक्षा लेकर आकर वह देश की सेवा करेंगे. कोचिंग क्लासेस बहुत है, लेकिन सरकार 30,000 बच्चों को कोचिंग दे रही है। 1 करोड़ 35 लाख फोन देने की योजना है। 40 लाख फोन दे दिए हैं। स्मार्टफोन जिनके घर में बच्चे पढ़ रहे होंगे, उन्हें स्मार्टफोन से काफी मदद मिलेगी। पहले बार मुख्यमंत्री बना था तब 6 विश्वविद्यालय थे आज 96 विश्वविद्यालय है।’



### प्रियंका गांधी की झुंझुनूं में जनसभा आज

**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को झुंझुनूं जिले में आएंगी। वे जिले के अरड़ावता में पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला की प्रतिमा का अनावरण करेंगी और एक जनसभा को संबोधित करेंगी। सभा में प्रियंका प्रदेश की महिलाओं के लिए कोई बड़ी घोषणा भी कर सकती हैं। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स के जरिए प्रियंका द्वारा कोई बड़ी घोषणा के बारे में भी बताया है। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रियंका गांधी का यह राजस्थान में तीसरा दौरा है। इससे पहले प्रियंका गांधी निवाई और सिकराय में जनसभाओं को संबोधित कर चुकी हैं।

## करप्शन मामले में ACB और DLB अफसरों में खींचतान

**डीएलबी निदेशक हृदेश कुमार शर्मा ने एसीबी डीजी हेमंत प्रियदर्शी को लिखे दो पत्र, इसके बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई**

**ओमप्रकाश शर्मा** | बेधड़क

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारी अकसर पद का दुरुपयोग करने वाले अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ संबंधित विभाग से स्वीकृति मांगते हैं, लेकिन स्वायत्त शासन विभाग (डीएलबी) के अधिकारी करोड़ों रुपए की सरकार को चपत लगाने वाले एक अफसर के खिलाफ खुद पत्र लिखकर मामला दर्ज करके उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए लिख रहे हैं। इसके बाद भी एसीबी के डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने डीएलबी के तत्कालीन उप नगर नियोजक राजपाल चौधरी के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया। चौधरी के खिलाफ विभागीय जांच के बाद डीएलबी के डायरेक्टर हृदेश कुमार शर्मा ने एसीबी डीजी को पहली दफा 16 फरवरी, 2023 को और इसके बाद 21 सितंबर को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन डीएलबी के डायरेक्टर का पत्र फाइलों में ही जांच के नाम पर भटक रहा है।

### प्रकरण देखना पड़ेगा

“ इस प्रकरण में अचानक कुछ बता नहीं सकता हूं। प्रकरण का पता करके ही बता पाऊंगा कि उप नगर नियोजक के खिलाफ क्या मामला था।

**हेमंत प्रियदर्शी,** कार्यवाहक डीजी, एसीबी



### एसीबी को लिख दिया

“ एसीबी को जांच करके कार्रवाई के लिए पत्र लिख चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले दिनों रिमाइंडर पत्र भी लिखा है।

**हृदेश कुमार शर्मा,** डायरेक्टर, डीएलबी



### क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर दिए पट्टे

पड़ताल में सामने आया कि राजपाल चौधरी डीएलबी में उप नगर नियोजक के पद पर कार्यरत थे। अजमेर विकास प्राधिकरण, नगर परिषद किशनगढ़ व पुष्कर में नियमन, भू रूपांतरण व पट्टे जारी करने अलग-अलग नियम बने हुए हैं। राजपाल चौधरी ने नगर परिषद किशनगढ़ के अफसर-कर्मचारियों से मिलीभगत करके परिधि नियंत्रण की पट्टी में मार्बल इकाइयों को पट्टे जारी कर दिए। उनकी जमीन का भू रूपांतरण और नियमन कर दिया। इसके लिए फाइलें डीएलबी ऑफिस मंगाई गई थी, जबकि परिधि नियंत्रण की पट्टी पर क्षेत्राधिकार अजमेर विकास प्राधिकरण था। इससे सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। नगर परिषद किशनगढ़ यानी स्थानीय निकाय द्वारा परिधि नियंत्रण की पट्टी को छोड़कर अन्य कृषि भूमि का भू-रूपांतरण, नियमन व पट्टे देने की कार्रवाई की जा सकती थी।

### ऐसे खुला था भ्रष्टाचार

उप नगर नियोजक राजपाल चौधरी के खिलाफ क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर नियमन करने, भू रूपांतरण करने व पट्टे जारी करने क शिकायत यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को हुई तो डीएलबी डायरेक्टर ने कमेटी बनाकर प्रकरण की जांच कराई। तब जांच कमेटी ने राजपाल चौधरी को पद का दुरुपयोग करने का दोषी माना। इसके बाद डायरेक्टर ने एसीबी को जांच करने व केस करने के लिए पत्र लिखे । आरोप है कि श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, टोंक, जयपुर, बाड़मेर व जालोर जिले में भी भू रूपांतरण, नियमन व पट्टे जारी करने में भारी अनियमिताएं हुई हैं।

### एशियाई पैरा खेल

## भारत ने 9 स्वर्ण पदक सहित जीते 34 मेडल




**एजेंसी** | हांगझोउ

चीन के हांगझोउ में एशियाई पैरा खेलों में भारत ने आज दूसरे दिन 17 पदक जीते। भारत ने अब तक 9 स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य सहित 34 पदक जीत लिए हैं। पुरुषों के डिस्कस थ्रो में नीरज यादव ने स्वर्ण, योगेश काठुनिया ने रजत और मुथूराजा ने कांस्य पदक जीता। अंकुर धावा ने 5 हजार मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर स्वर्ण पदक हासिल किया। महिलाओं की पैरा कैनोइंग में प्राची यादव ने स्वर्ण और अपना दूसरा पदक हासिल किया।

### आयकर सर्वे की कार्रवाई ग्याहवें दिन भी जारी


# गणपति प्लाजा के निजी लॉकर्स उगल रहे हैं लाखों की नकदी और सोना

- फिर पकड़ी 20 लाख की नकदी, अब तक 4.06 करोड़ रुपए जब्त
- इसके अलावा 400 ग्राम सोना भी किया जा चुका है जब्त
- आयकर विभाग चिह्नित कर चुका है 56 संदिग्ध लॉकर्स

**बेधड़क** | जयपुर

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन को लेकर 11 दिन पूर्व शुक्रवार 14 अक्टूबर को शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही।

आज आयकर अधिकारियों ने यहां खुले एक लॉकर में 20 लाख रुपए की नकदी पकड़ी है, जिसे लॉकर धारक के पास नकदी के आधिकारिक स्रोत के बारे में पुख्ता जवाब नहीं होने के कारण जब्त किया गया। इसके अलावा मंगलवार को खुले अन्य लॉकर्स में अधिकारियों को सामान्य घरेलू ज्वेलरी व अन्य निजी निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले, जिन्हें छोड़ दिया गया। आयकर विभाग अब तक निजी लॉकर में मिली नकदी में से कुल चार करोड़ 26 लाख रुपए की नकदी और 400 ग्राम सोना जब्त कर चुका है। आयकर अधिकारियों ने अब तक 56 लॉकर्स को संदिग्ध मान कर इनके मौजूदा लॉकर धारकों को नोटिस जारी किए हैं, लेकिन इनमें से मंगलवार देर शाम तक करीब 40 लॉकर धारक ही नोटिस की अनुपालना में यहां पहुंचे। शेष बचे 16 लॉकर धारक विभाग से नोटिस का जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय की मांग कर रहे हैं, जबकि विभागीय अधिकारी निर्धारित समय सीमा को बढ़ाने से इनकार करते हुए लॉकर खोल कर जांच कराने के निर्देश दे रहे हैं। आयकर सर्वे की कार्रवाई मंगलवार देर रात तक जारी रही।



### 1109 लॉकर्स में से 750 खाली

रोयरा सेफ्टी वॉल्ट में कुल 1109 लॉकर्स हैं। इनमें से 750 लॉकर्स खाली और गैर आवंटित थे, जिन्हें अधिकारियों ने सर्वे के शुरुआती दिनों में ही खोल लिया। इसके अलावा विभागीय नोटिस की अनुपालना और लॉकर धारकों ने स्वैच्छा से अब तक 53 लॉकर्स खोले गए हैं, जिनमें से 9 लॉकर्स में नकदी और अघोषित ज्वेलरी निकली।

### लॉकर ऑपरेट करने वालों पर कोई रोक नहीं

विभाग की अन्वेषण शाखा ने सर्वे की कार्रवाई को अब तेज करने और संदिग्ध लॉकर धारकों के विरुद्ध आयकर कानून में आगे की कार्रवाई करने की तैयारी की है। आयकर अधिकारियों का कहना है कि गणपति प्लाजा स्थित निजी लॉकर संचालक, रोयरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स में जारी आयकर सर्वे के बावजूद यहां लॉकर मालिकों के लॉकर संचालन पर कोई रोक नहीं है, लेकिन यहां हो रही कार्रवाई के दौरान अपवादों को छोड़कर ही कुछ लॉकर संचालित हुए, इससे विभागीय अधिकारियों का इन संदिग्ध लॉकर्स में अवैध धन अथवा संपत्तियां रखे होने को लेकर संदेह बढ़ रहा है।

### किरोड़ी के आरोपों का संबंध नहीं

सूत्रों का कहना है कि अब तक जो नकदी मिली है, उसका सांसद किरोड़ी लाल मीना की ओर से लगाए आरोपों से कोई संबंध नजर नहीं आ रहा है। विभाग ने गत शनिवार को जो 2.46 करोड़ की नकदी जब्त की है। वह मुंबई में प्लेसमेंट सेवाएं देने वाले जयपुर मूल के एक व्यक्ति के नाम लिए गए लॉकर से निकली है। इससे पूर्व जब्त की गई एक करोड़ 60 लाख की नकदी में से 80 लाख चूरू जिले के तारानगर से पार्षद इरदीस सैय्यद के हैं। 30 लाख रुपए की नकदी का संबंध है रावत मिष्ठान भंडार से और 50 लाख रुपए जयपुर के गुप्त रोग चिकित्सक डॉ. सैय्यद दानिश अली के लॉकर से मिले हैं। अब तक खोले गए लॉकर्स में कुल 2 किलो 400 ग्राम सोना भी यहां पकड़ा, इसमें से 400 ग्राम सोना जब्त भी किया जा चुका है, जो रावत मिष्ठान भंडार संचालकों का है। शेष बचे 2 किलो सोने की खरीद के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए लॉकर मालिक दुसाद परिवार को मौका दिया गया है।

## जरूरी खबर

### भाजपा-कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी माकपा



**जयपुर।** प्रदेश में सत्ता में भागीदारी के लिए तीसरा मोर्चा भी सक्रिय होता जा रहा है। बुधवार को अजमेर रोड स्थित मजदूर किसान भवन हटवाड़ा में माकपा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पॉलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात, माकपा राज्य सचिव कॉमरेड अमराराम, धोद के पूर्व विधायक पेमा राम सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान चुनावी प्रचार प्रसार और टिकट उम्मीदवारों को लेकर चर्चा की गई। माकपा नेताओं ने कहा कि माकपा दोनों मुख्य दल भाजपा-कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी।

### चुनाव में सख्ती 892 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस, आबकारी, आयकर एवं अन्य प्रवर्तन एजेन्सियों ने अवैध नकदी, शराब, ड्रग्स, सोना-चांदी आदि की जप्ती का नया रिकॉर्ड बनाया है। निर्वाचन विभाग के समन्वय और मुस्तैदी के चलते साल 2023 में जप्ती का आंकड़ा एक हजार करोड़ के पास पहुंच गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि जून से अब तक 892 करोड़ रुपए की नकदी और अन्य सामग्री जब्त की गई है। इसमें अवैध शराब, ड्रग्स एवं मादक पदार्थ, सोना-चांदी, फ्रीबीज तथा अन्य सामान शामिल है।

### विधायक आक्या को मिली जान से मारने की धमकी



**जयपुर।** चित्तौड़गढ़ से बीजेपी विधायक चंद्रभान सिंह आक्या को फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। फोन करने वाले व्यक्ति ने चंद्रभान को चुनाव नहीं लड़ने की नसीहत दी है। इस मामले में विधायक चंद्रभान ने सदर थाने में परिवाद दिया है। बता दें कि हाल ही में बीजेपी द्वारा जारी दूसरी लिस्ट में चित्तौड़गढ़ से विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का टिकट काट कर विद्याधर नगर विधायक नरपत सिंह राजवी को दे दिया गया है। इसके बाद से लगातार चित्तौड़गढ़ में भाजपा के कार्यकर्ता इसका विरोध कर रहे हैं। फोन करने वाले व्यक्ति ने चुनाव लड़ने की स्थिति में विधायक और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। यह पूरी घटना सोमवार रात की बताई जा रही है।

---

**सिविल लाइंस से कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा पर लगाए आरोप**

# मुद्दों से ध्यान हटाने की राजनीति करती है BJP: खाचरियावास

■ भाजपा हर मामले में विफल, राजस्थान के 25 सांसदों में से एक ने भी काम नहीं किया

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे नेताओं के जुबानी हमले भी तेज होने लगे हैं। इसी कड़ी में गहलोत सरकार के मंत्री व सिविल लाइंस से कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने मंगलवार को जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि बीजेपी हर मामले में विफल रही है और राजस्थान से गए 25 सांसदों में से एक ने भी काम नहीं किया है। खाचरियावास ने कहा कि चुनाव में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी पर जो वादे किए थे, उस पर कोई भाजपा नेता नहीं बोल रहा। 50 दिन में देश बदलने की बात कहने वाले, 50 दिन में देश के हालात और बिगड़ गए हैं। काला धन आज तक नहीं आया। भाजपा मुद्दों से ध्यान हटाने की राजनीति करती है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव के समय धर्म की राजनीति करने लगती है और भाजपा मुख्यालय में बैठकर उनके नेता दंगा करने की रणनीति बनाते हैं।



### मंदिरों की निगरानी करें पुजारी

बीजेपी पर बड़ा हमला बोलते हुए खाचरियावास ने आगे कहा कि भाजपा चुनाव के समय धर्म की राजनीति करने लगती है। भाजपा मुख्यालय में बैठकर उनके नेता दंगा करने की रणनीति बनाते हैं। मैंने मंदिर के पुजारी को कहा है कि रात के समय मंदिर के ताला लगाएं और निगरानी करें। देश को आज भाजपा से सावधान रहना चाहिए। देश में 400 वर्षों से हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई साथ रह रहे हैं। मंदिर-मस्जिद जयपुर की शान है।

### क्रूड ऑयल की रेट कम, तेल फिर भी महंगा

उन्होंने कहा कि पिछले 9 सालों में बीजेपी नोटबंदी, जीएसटी, महंगाई, पेट्रोल डीजल जैसे जनता को परेशान करने वाले मुद्दे लेकर आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल-डीजल की रेट कम है फिर भी देश में महंगा तेल बेच रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में 70 रुपए प्रति लीटर में पेट्रोल मिलता था। क्रूड ऑयल की रेट में आज काफी अंतर है, उसके बावजूद भी सरकार महंगा तेल बेच रही है। राजस्थान में हमारी सरकार ने टैक्स नहीं बढ़ाया। केंद्र सरकार ने 2 करोड़ रोजगार देने की बात कही थी, आज तक पूरा नहीं हुआ। भाजपा मुद्दों से भटक रही है। हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड तो जनता के सामने है।

### महंगाई रोकने में विफल रही भाजपा सरकार

खाचरियावास यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि पिछले 9 सालों में भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल रही है। हमारी सरकार ने 100 यूनिट बिजली फ्री की। किसानों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। महंगाई कैंप लगाए जा रहे हैं। 22 लाख किसानों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल पूरे देश में मिसाल बने। जयपुर में हाई टेंशन लाइट का सर्वे चल रहा है। भारत जोड़ो सेतु बनाया, सिग्नल फ्री के लिए काम चल रहा है। अब जनता काम के हिसाब से फैसला करेगी, एक बार फिर राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

---

**गहलोत के एक्स संदेश ने मचाई राजनीतिक गलियारों में हलचल**

# प्रियंका की आज झुंझुनूं में रैली कांग्रेस खेल सकती है बड़ा दांव

## कांग्रेस महासचिव का पांच दिन में दूसरी बार राजस्थान दौरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं, राजनीतिक पार्टियां जनता को अपने पक्ष में लुभाने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। कांग्रेस-भाजपा अपने सभी स्टार प्रचारकों के साथ चुनावी रण में हैं। इस बीच कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार को एक बार फिर प्रदेश के दौरे पर आ रही हैं।

झुंझुनूं में प्रियंका गांधी की सभा होगी। सभा में प्रियंका प्रदेश की महिलाओं के लिए कोई बड़ी घोषणा कर सकती हैं। प्रियंका गांधी पांच दिन में दूसरी बार राजस्थान यात्रा पर हैं। इससे पहले 20 अक्टूबर को प्रियंका गांधी ने दौसा में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया था। अब प्रियंका झुंझुनूं में जनसभा करेंगी।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री की प्रतिमा का अनावरण

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी झुंझुनूं जिले के अरड़ावता में पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला की प्रतिमा का अनावरण कर जनसभा को संबोधित करेंगी। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रियंका गांधी का यह राजस्थान में तीसरा दौरा है। इससे पहले प्रियंका गांधी निवाई और सिकराय में जनसभाओं को संबोधित कर चुकी हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री गहलोत समेत प्रदेश के कई मंत्री और विधायक मौजूद रहेंगे। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट भी बुधवार को अरड़ावता पहुंचेंगे। जनसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी मौजूद रहेंगे।

### महिलाओं के लिए कर सकती हैं बड़ी घोषणा

प्रियंका गांधी के झुंझुनूं दौरे को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत के एक एक्स संदेश ने प्रदेश की राजनीति में गर्माहट पैदा कर दी। दरअसल, मुख्यमंत्री गहलोत ने एक्स पर लिखा कि बुधवार को प्रियंका गांधी झुंझुनूं में दोपहर 12:30 बजे राजस्थान की गृहणियों के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं करेंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अपने स्मार्टफोन से प्रियंका गांधी को जरूर देखिएगा, यानी गहलोत ने इसी बहाने अपनी स्मार्टफोन योजना का भी जिक्र कर दिया। अशोक गहलोत के इस ट्वीट के बाद सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कुछ राजनीति के बड़े दिग्गज प्रियंका गांधी के इस दौरे को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। माना जा रहा है कि झुंझुनूं की रैली में प्रियंका गांधी महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा का ऐलान या उनकी पॉकेट मनी के लिए घोषणा कर सकती हैं, इससे प्रदेश की लाखों-करोड़ों महिलाओं को फायदा मिल सकता है।

### कर्नाटक और हिमाचल की तर्ज पर लड़ेगी चुनाव

गहलोत की पोस्ट के बाद सियासी जानकार इसे कांग्रेस के गारंटी कार्ड वाले दांव से भी जोड़कर देख रहे हैं। इसका सीधा फायदा कांग्रेस को कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मिला था और यही गारंटी कार्ड वाला दांव कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी खेल रही है। अब यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि इन घोषणाओं का कितना असर होता है।

---

**मुख्यमंत्री का जनसंपर्क अभियान**

# जोधपुर वासियों का प्यार और आशीर्वाद मेरे साथ: गहलोत



**बेधड़क** | जयपुर/ जोधपुर

सीएम गहलोत कांग्रेस प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी होने के बाद सोमवार से जोधपुर दौरे पर हैं। उन्होंने मंगलवार को दो पारियों में सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में जनसम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि जो इलाके छूट गए हैं उन्हें बाद में कभी कवर कर लूंगा।

जनसम्पर्क के दौरान लोगों, खासकर बच्चों से मिले अपनत्व और स्नेह से अभिभूत गहलोत ने कहा, बच्चों का प्यार मिलना बड़ी बात है और यही मेरी ताकत है। चालीस साल पहले जब मैं सांसद बना तब भी जिलेभर में इसी तरह बच्चों का स्नेह मिला था और ये आज तक बरकरार है। मैं भाग्यशाली हूं जो जोधपुर वासियों का प्यार, आशीर्वाद और दुआएं मेरे साथ हैं। सीएम गहलोत ने अलग-अलग इलाकों में छोटी सभाओं के माध्यम से मतदाताओं से संवाद कायम करने के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को भी पाबंद किया। उन्होंने कहा कि मुझे 199 सीटें देखनी हैं और सरदारपुरा का चुनाव आपको लड़ना है।

सीएम ने जनसम्पर्क अभियान की शुरुआत सुबह दस बजे मंडोर चौराहे से की। इसके बाद भतावता बेरा, मानगढ़, फूल बाग, नयापुरा, अमृतलाल स्टेडियम, पहाड़गंज, माता का थान, रामसागर, भदवासिया, 80 फीट रोड, रैगर कन्या छात्रावास, तिलक नगर, रामबाग, कागा रोड क्षेत्रों में पहुंचे। दोपहर दो बजे पहली पारी का जनसम्पर्क अभियान समाप्त हो गया। इसके बाद शाम से देर रात तक कई इलाकों में जनसम्पर्क किया।

---

**रामगढ़ से मौजूदा विधायक के पति मैदान में**

# साफिया का छलका दर्द, मेरा टिकट काटकर ठीक नहीं किया

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की दो सूची जारी कर दी है। इनमें रामगढ़ से महिला विधायक साफिया खान का टिकट काट कर उनके पति जुबेर खान को दे दिया है। लेकिन टिकट कटने पर महिला विधायक का दर्द छलका है। टिकट कटने पर साफिया खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक बेहतर शख्स को टिकट दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मेरा टिकट काटकर ठीक नहीं किया। हमारा समाज पुरुष प्रधान है, 100 फीसदी महिलाएं स्वीकार नहीं है। राजनीति में महिलाओं को आगे बढ़ाने के दावे करना आसान है, लेकिन इसे लागू करना फिलहाल मुश्किल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपना हक पाने के लिए काफी मेहनत व काफी संघर्ष करना पड़ा है। उनके इस बयान से टिकट न मिल पाने का दर्द साफ तौर पर जाहिर हो रहा है। हालांकि, विधायक साफिया खान के बयान पर उनके पति जुबेर खान की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। गौरतलब है कि बीजेपी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में ज्ञान देव आहूजा का टिकट काटकर सुखवंत सिंह को उम्मीदवार बनाया था। ऐसे में कांग्रेस की जीत हुई और साफिया खान भारी अंतर से जीत गईं।



---

**सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने निर्वाचन विभाग में दर्ज कराई शिकायत**

# विधायक अबरार के दबाव में की कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रत्याशी सवाई माधोपुर डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को मलारना डूंगर में पुलिस की ओर से स्थानीय विधायक दानिश अबरार के राजनीतिक दबाव में की गई एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया।

उन्होंने पीड़ितों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर शिकायत दर्ज कराई। सांसद ने बताया कि नांगल राजावतन थाने में भाजपा कार्यकर्ताओं को बेरहमी से पीटा गया, हाथ में फ्रेक्चर तक हो गया। कार्यकताओं को धमकाया जा रहा है। डॉ. मीना ने कहा कि विधायक दानिश अबरार मलारना डूंगर में प्रचार के लिए आए थे। यहां पीड़ित अबरार मलारना और उनके पांच साथी लल्लू मीना, घमंडी मीना, पंकज बैरबा, वीरेंद्र मीना, नमोनारायण मीना लोकतांत्रिक ढंग से अपनी मांग रख रहे थे। मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने पर विधायक का विरोध किया। लेकिन सवाई माधोपुर विधायक के पाले हुए गुंडों ने उनके साथ मारपीट की और पैर पर गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की बजाय उल्टा उन्हें ही धमकाया और मारपीट की। सांसद किरोडी ने कहा कि गाड़ी में तोड़फोड़ स्थानीय लोगों ने नहीं, बल्कि विधायक की ओर से पाले हुए गुंडों ने की है और दिखावा ऐसे कर रहे हैं कि उन पर हमला हुआ है। सवाई माधोपुर की जनता झूठ के इस भ्रमजाल में नहीं फंसेगी।

सवाई माधोपुर जिले और प्रदेश के ज्यादातर अधिकारी विधायक की डिजायर पर लगे हुए हैं, जो कांग्रेस कार्यकर्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। जब तक इन्हें हटाया नहीं जाएगा तब तक निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। इस पर चुनाव आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने कार्यवाही करने का भरोसा दिया।



---

**मंगलवार को फिर पकड़े ग्रेनाइट से लदे दो ट्रक**

# ई-वे बिल सत्यापन व दस्तावेज जांच से हुई लाखों की राजस्व वसूली

**बेधड़क** | जयपुर

चुनावी माहौल की आड़ में बिना बिल व पर्याप्त दस्तावेज के हो रहे माल के परिवहन के खिलाफ केन्द्र सरकार के माल व सेवाकर विभाग-सीजीएसटी ने प्रदेश भर में मोर्चा खोल रखा है।

गत दिनों सैकड़ों की संख्या में बिना ई-वे बिल व अपर्याप्त दस्तावेज के परिवहनित हो रहे सामान की जांच की गई और ऐसे कुछ ट्रकों को पकड़ कर जब्त किया गया, इनके पास या तो माल के पर्याप्त दस्तावेज नहीं थे या फिर वे अनिवार्य रूप से आवश्यक रूप से बिना ई-वे बिल के माल का परिवहन कर रहे थे। सीजीएसटी ने ऐसे ट्रकों को जब्त कर अब स्टेच्यू सर्किल अपने मुख्यालय खड़ा किया है, जिनमें से छह ट्रक मंगलवार को भी यहां खड़े हैं।

राज्य में चुनाव अधिसूचना की घोषणा के साथ ही केन्द्र सरकार का माल व सेवाकर-सीजीएसटी विभाग की एंटी-इवेजन इकाई सक्रिय है। सीजीएसटी अधिकारियों ने अपना पूरा फोकस उन वस्तुओं पर किया हैं, इनमें सर्वाधिक जीएसटी चोरी की संभावना है। सीजीएसटी के स्टेच्यू सर्किल स्थित मुख्यालय पर पकड़े गए ट्रकों की आवाजाही जारी है। यहां पकड़े गए ट्रकों में लाखों रुपए मूल्य की सिरेमिक टाइल्स, वैट्रीफाइड टाइल्स, आयरन स्क्रेप आदि लदे हैं। दिलचस्प तथ्य तो यह भी है कि कुछ ट्रकों के पास तो सर्वाधिक आवश्यक समझें जाने वाले दस्तावेज ई-वे बिल तक नहीं थे, जबकि बिना ई-वे बिल की मौजूदगी में माल पर देय जीएसटी का 200 फीसदी जुर्माना वसूला जाता है। यह जुर्माना राशि देय जीएसटी के अतिरिक्त होती है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार सीजीएसटी एंटी इवेजन शाखा के अधिकारियों ने यह सभी ट्रक जयपुर-अजमेर बाइपास रोड पर की जा रही चैकिंग में पकड़े। इनका भौतिक सत्यापन होगा।



### यह हैं पकड़े गए ट्रकों के पंजीयन नम्बर

- RJ14 GR 6877,
- RJ52 GA 8214,
- RJ 52 GA 2693,
- RJ52 GA 9988,
- RJ 14 GH 4244
- HR38A-D8540

### पिछले हफ्ते पकड़ा था पान मसाले का ट्रक, 90 लाख की वसूली बकाया

इसके अलावा पिछले सप्ताह यहां दिलबाग समूह के फ्लैगशिप ब्रांड पान मसाला "सिग्नेचर" से लदा ट्रक नम्बर HR38A-D8540 अब भी खड़ा नजर आ रहा है। इस ट्रक को बिना ई-वे बिल परिवहनित करते 200 फीट बाईपास पर पकड़ा था। बताया जाता है कि ट्रक चालक ने यह माल दिल्ली से तेलंगाना ले जाना बताया, लेकिन उसके पास माल के परिवहन का सबसे आवश्यक दस्तावेज ई-वे बिल ही नहीं था। जांच में ट्रक चालक के पास मिले बिल में माल के मूल्य व वजन के बारे में भी कोई जानकारी नहीं थी। सूत्रों का कहना है कि इस ट्रक में 110 बॉक्स सिग्नेचर पान मसाले के लदे हैं, जिनका मूल्य करीब 90 लाख रुपए होता है। पकड़े जाने के बाद दिल्ली की सतनाम एंटरप्राइजेज ने माल पर अपना दावा किया है, जिसकी जांच के बाद इस माल से करीब 47 लाख रुपए जीएसटी और 47 लाख जुर्माने की वसूली होगी, जिसे जमा कराने का आवश्वासन सतनाम एंटरप्राइजेज के संचालकों ने किया पर राजस्व राशि अभी तक जमा नहीं कराई।

### ग्रेनाइट से भरे ट्रकों को और पकड़ा

सूत्रों का कहना है कि मंगलवार को भी अजमेर बाइपास पर सीजीएसटी के एंटी इवेजन अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई और की है। इस कार्रवाई में जालोर से बिना ई-वे बिल परिवहनित दो ग्रेनाइट के ट्रकों को पकड़ा, जिसमें भी लाखों रुपए मूल्य का ग्रेनाइट लदा है। सीजीएसटी ने इन दोनों ही ट्रकों को जब्त कर सीजीएसटी मुख्यालय लाने का निर्णय किया है, जहां इनमें रखे माल का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और नियमानुसार राजस्व और जुर्माने की वसूली होगी।

**जरूरी खबर**

## कालवाड़ इलाके में कहासुनी में युवक की हत्या




**जयपुर।** कालवाड़ थाना इलाके में आपसी कहासुनी के बाद बदमाशों ने एक युवक की घेरकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाला युवक रामलाल गुर्जर (40) था। वह इलाके में ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता था। घटना के बाद मृतक रामलाल का परिवार और गांव के लोग थाने को घेरने पहुंचे। साथ ही हत्यारों की गिरफ्तारी और 50 लाख के मुआवजे की भी डिमांड की। परिवार का कहना है कि मुआवजा नहीं मिलने तक शव का पोस्टमॉर्टम नहीं करवाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में अंकल होटल के पास रात 10 बजे रामलाल की कुछ बदमाशों से कहासुनी हो गई। देर रात 12 बजे घर लौटते वक्त बदमाशों ने गंगा माता मंदिर के पास रामलाल पर हमला कर हत्या कर दी।

## 27 अक्टूबर तक जुड़ेंगे मतदाता सूची में नाम

**जयपुर।** विधानसभा आम चुनाव 2023 को लेकर निर्वाचन विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 अक्टूबर को हो चुका है, लेकिन फिर भी मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित रहे पात्र मतदाता अभी भी 27 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। निर्वाचन विभाग 7 नवंबर को पूरक सूची सहित अंतिम मतदाता सूची जारी करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और देखने के लिए अब तक 5 लाख से ज्यादा लोगों ने वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड किया है। शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। सूची में नाम जुड़वाने के बाद आगामी 7 दिनों में मतदाता पहचान पत्र बनकर तैयार हो जाएगा।

# ‘कोदंड’ से छूटे बाण... दशानन के हरे प्राण




फोटो: राजेश कुमावत

# विजयादशमी पर सुबह RSS का पथ संचलन, शाम को रावण दहन

**बेधड़क** | जयपुर

असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी त्योहार पर मंगलवार को शहर के विभिन्न मैदानों में पुतलों के रूप में रावण रूपी अहंकार का दहन किया गया। शहर में सबसे बड़ा रावण का पुतला विद्याधर नगर में जलाया गया। इसकी ऊंचाई 121 फीट थी। यहां पर रावण के अलावा 111 फीट ऊंचे कुंभकर्ण और 105 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतले का भी दहन किया गया। विद्याधर नगर स्टेडियम विकास समिति की ओर से हुए इस मेले में बड़ी संख्या में लोग रावण को जलते हुए देखने पहुंचे। इस दौरान हुई भव्य आतिशबाजी ने आए हुए लोगों को रोमंचित कर दिया। कार्यक्रम में कवि कुमार विश्वास सहित अन्य कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।



### संघ के पदाधिकारियों ने किया शस्त्र पूजन

आरएसएस के स्थापना दिवस के उपलक्ष में विजया दशमी पर शहर में कई जगहों पर स्वयं सेवकों का पथ संचलन हुआ। इससे पहले संघ के पदाधिकारियों ने शस्त्र पूजन किया। उसके बाद ब्रह्मपुरी स्थित पौंडरीक नगर में बस्तीसह पथ संचलन निकाला गया। प्रत्येक संचलन में करीब 150 से 500 स्वयंसेवक शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई। इसके अलावा तोपखाना संघ स्थान, गोवर्धन पुरी, हिदा की मोरी, लक्ष्मण डूंगरी, जयसिंहपुरा खोर, आनंदपुरी, सरस्वती विद्यालय, अहिंसा पार्क, श्री राम शाखा, टीबे वाले हनुमान जी मंदिर परिसर, लक्ष्मीबाई पार्क, जौहरी मैरिज गार्डन मांग्यावास रोड, हेमू कालानी पार्क विजयपथ मध्यम मार्ग, बाबा रामदेव मंदिर पार्क किरण पथ, चेतन शाखा, भगत सिंह शाखा, शिवाजी शाखा, तलाई वाले बालाजी, बजरंग संघ स्थान काली माता मंदिर रोड, नीलकंठ तलाई, आदर्श विद्या मंदिर, गोकुलपुरा, तिरुपति नगर, मुरलीपुरा, अग्रसेन पार्क, शिव पार्क नगर निगम, पारीक कॉलेज समेत अन्य जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### आदर्श नगर में इलेक्ट्रिक कंट्रोल से आतिशबाजी

आदर्श नगर में दशहरा महोत्सव पर 105 फीट ऊंचे रावण और 90 फीट कुंभकरण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान रावण के पुतले से रंगीन झरने बहते दिखाई दिए। रावण, कुंभकरण के पुतलों की आंखों से शोले और मुंह से आग के गोले भी निकलते दिखाई दिए। मेला समिति के राजीव मनचंदा ने बताया ने कि इस बार आकर्षक रूप लिए हुए रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण को स्वर्ण मुकुट के साथ स्वर्ण वस्त्र तामड़ा धारण कराया गया। इसे आकर्षक बनाने के लिए एलईडी लाइट लगाई गईं और इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल से भव्य आतिशबाजी की गई। इससे पहले श्रीराम मंदिर से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा झांकी निकली, जो पंचवटी सर्किल, राजापार्क चौराहे से होते हुए भाटिया भवन पहुंची। शास्त्री नगर स्थित राष्टपति मैदान में 51 फीट का रावण दहन हुआ। इस दौरान हुई रंगीन आतिशबाजी ने आमजन को मन मोह लिया। इसके अलावा आगरा रोड स्थित जामडोली में 61 फीट का रावण दहन किया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**झोटवाड़ा थाना क्षेत्र के संजय नगर में कार्रवाई**

## नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम ने मंगलवार को झोटवाड़ा थाना क्षेत्र के संजय नगर में नकली बीड़ी बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी है।

इस दौरान पुलिस को मौके पर नामी कंपनियों के तैयार बीड़ी के बंडल, खाली रेपर, टेप और 50 सील मोहर बरामद हुए। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री मालिक और कर्मचारी वहां से भाग निकले। झोटवाड़ा पुलिस आरोपियों को तलाश रही है। इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने



बताया कि क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल रामनिवास, शंकर दयाल और कमल सिंह को झोटवाड़ा क्षेत्र में नकली बीड़ी बनाने की कारखाने के बारे में सूचना मिली, इस पर टीम ने झोटवाड़ा थाने के जाब्ते के साथ इलाके के संजय नगर क्षेत्र में संचालित नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पर दबिश दी तो मौके पर नामी कंपनियों के करीब 20 हजार बीड़ी के बंडल तैयार किए हुए मिले और इतना ही कच्चा माल रखा मिला। उन्होंने बताया दबिश की भनक लगते ही फैक्ट्री मालिक नितेश अग्रवाल और उसका कर्मचारी नवाज मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

**किसानों ने शुरू की सरसों की बुआई**

## रात तो थी ही, अब दिन भी होने लगे ठंडे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही अब और सर्दी बढ़ने वाली है। जयपुर के साथ ही सीकर, झुंझुनूं समेत कई शहरों में अगले एक-दो दिन में रात का न्यूनतम तापमान एक से दो डिग्री सेल्सियस गिरेगा।

अगले सप्ताह से रात के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट होनी शुरू होगी। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा। इसके कारण दिन का तापमान भी अब धीरे-



धीरे कम होने लगेगा। मौसम को देखते हुए किसान भी सरसों की बुवाई करने लग गए हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. उदय भान सिंह ने बताया कि 15 अक्टूबर के बाद जो तापक्रम में बदलाव आया है, वह बहुत ही अच्छा है। सरसों की फसल की बुवाई के लिए 30 से 32 डिग्री तापमान उपयुक्त माना गया है। इस समय किसान सरसों की फसल की बुवाई कर सकते हैं और माह के अंत तक सरसों की बिजाई आसानी से की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरसों तिलहनी फसल है, जिसमें सल्फर का प्रयोग अवश्य किया जाना चाहिए।

अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में सरसों की फसल में जमाव नहीं आया है, तो वह दोबारा भी अच्छी किस्म के हाइब्रिड बीजों का प्रयोग करके बुवाई कर सकते हैं। सरसों की बुवाई करते समय खेत में नमी होना बहुत आवश्यक है जिससे अच्छा जमाव हो और सरसों की फसल अच्छी हो।

**आबकारी विभाग की सख्ती**

## रात 8 बजे बाद शराब बेची तो लाइसेंस होगा निरस्त

- विधानसभा चुनावों में अवैध शराब को लेकर वाइन शॉप्स का निरीक्षण
- आबकारी निरीक्षकों को इलाकों में गश्त कर डिकॉय ऑपरेशन करने के निर्देश
- रात 8 बजे बाद किसी भी हालात में शराब की बिक्री न करने की हिदायत

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों को लेकर आबकारी विभाग ने भी सख्ती करना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनावों में अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग ने क्षेत्र में संचालित शराब की दुकानों का निरीक्षण कर शराब ठेकेदारों को रात आठ बजे बाद होने वाली शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सभी आबकारी निरीक्षकों को इलाकों में रात 8 बजे बाद गश्त करके डिकॉय ऑपरेशन करने के निर्देश दिए हैं।

शराब की दुकानों का रात आठ बजे बाद औचक निरीक्षण किया जाएगा। दरअसल पुलिस की कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग ने यह कदम उठाया है। चुनाव




आयोग ने भी आबकारी विभाग को अवैध शराब पर निगरानी कर उस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। चुनावों के दौरान अवैध शराब की बिक्री व मतदाताओं को लुभाने का काम प्रत्याशियों द्वारा किया जाने की संभावना है। ऐसे में आबकारी विभाग ने भी सख्ती करना शुरू कर दिया।

### निरीक्षक रखे नजर

आबकारी आयुक्त कुमार पाल गोतम बताया कि विधानसभा चुनावों को लेकर सभी जिला आबकारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रात आठ बजे बाद आबकारी निरीक्षक खुद औचक निरीक्षण करे। इस दौरान शराब ठेकेदारों को रात आठ बजे बाद किसी भी हालात में शराब की बिक्री नहीं करने को लेकर दिशा निर्देश दिए हैं, लेकिन उसके बाद भी अगर कोई ठेकेदार रात आठ बजे बाद शराब की बिक्री दुकानों से कर रहा है तो उसके खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई करने के साथ ही शराब की दुकान का लाइसेंस तक रद्द करने की कार्रवाई करेगा।

**प्रत्येक विस में 3-3 उड़न दस्ते सक्रिय**

## 50 हजार से अधिक नकदी मिलने पर बताना होगा स्रोत

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी विधानसभा चुनाव में धन एवं मादक पदार्थों के गैरकानूनी इस्तेमाल एवं परिवहन के खिलाफ 19 विधानसभा क्षेत्रों में सघन जांच अभियान जारी है। चुनाव व्यय अनुवीक्षण के लिए उड़नदस्ता तथा स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा में तीन-तीन उडनदस्ते 24 घंटे सक्रिय हैं। वहीं, 30 अक्टूबर से चुनाव अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3-3 स्थैतिक निगरानी दल भी कार्य करना प्रारंभ कर देंगे। उन्होंने बताया कि इन उड़नदस्तों के द्वारा सघन जांच कार्य किया जा रहा है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि चुनाव अवधि में 50 हजार रुपए से अधिक नकद राशि लेकर परिवहन ना करें। अति आवश्यक होने पर बैंक स्टेटमेंट, नकद प्राप्ति का स्त्रोत एवं व्यय के प्रयोजन के संबंध में दस्तावेज साथ में रखें, ताकि जांच के दौरान उड़नदस्ता के समक्ष वांछित दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकें।

## जरूरी खबर

### पैरामिलिट्री फोर्स के साथ निकाला फ्लैग मार्च



**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिए फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स भी मौजूद रही, जिनके साथ शीर्ष अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतदाताओं से रूबरू होकर प्रशासन के निर्भीक और निडर होकर मतदान करने की अपील की। दरअसल, सैपऊ क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में भदियाना सहित कौलारी, बसई नबाब और कई अन्य मतदान केंद्र शामिल हैं, जहां ये फ्लैग मार्च किया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

**अलवर।** अलवर शहर के बगड़ तिराहे के पास तेज गति से आती कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार अलवर शहर निवासी प्राइवेट स्कूल टीचर की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी गंभीर घायल हुई हैं। हादसा मंगलवार दोपहर को हुआ। मृतक प्रहलाद पुत्र कन्हैयालाल निवासी अलवर के परिजनों ने बताया कि वह अपनी पत्नी कल्लो देवी के साथ बगड़ तिराहे से आ रहे थे। वहां से गुजर रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे प्रहलाद की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस कार चालक की तलाश में जुट गई है।

### खेत की झाड़ियों में मिली दो दिन की नवजात बच्ची



**रामगढ़ (अलवर)।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेरेबास के जंगल में झाड़ियों के पास 2 दिन की नवजात बच्ची कंबल में लिपटी मिली है। पुलिस ने नवजात को रामगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस आसपास के गांवों में सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बच्ची की मां का पता लगाने में जुटी है। रामगढ़ थाने के एएसआई समुंदर सिंह मीणा ने बताया कि बेरेबासा इलाके के एक खेत में नवजात बच्ची के मिलने की सूचना मिलने पर थाना अधिकारी राजपाल चौधरी पुलिस जाप्ता के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस बच्ची को लेकर रामगढ़ अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसके स्वास्थ्य की जांच की।

राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल 26 से 30 अक्टूबर तक

# ‘जोधपुर रिफ’ में कलाकार बिखेरेंगे विभिन्न संस्कृतियों के रंग

बेधड़क | जोधपुर

लुप्त हो रही लोक कलाओं को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोए रखने के मकसद से शुरू हो रहे राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल (जोधपुर रिफ-2023) अब एक परंपरा बन चुका है। विश्व की लोक कलाओं में रुचि रखने वाले देशी-विदेशी पर्यटक ही नहीं कलापारखी इसकी प्रतीक्षा करते हैं। मेहरानगढ़ फोर्ट में 26 से 30 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले ‘रिफ 2023’ में देश-विदेश के तीन सौ से अधिक लोक कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। खास बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में मारवाड़ के युवा खरताल वादक, लंगा और मांगणियार कलाकारों के अलावा यहां की नृत्यांगनाओं को न सिर्फ मंच बल्कि अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ संगत का अवसर भी मिलेगा।



### समकालीन और जैज का फ्यूजन

‘रिफ’ डायरेक्टर दिव्या भाटिया और मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के जगतसिंह ने बताया कि इस बार राजस्थानी लोक कलाकार समकालीन भारतीय जैज संगीतकारों और अन्य म्यूजिशियन के साथ मिल कर बेहतरीन प्रस्तुति देंगे। भाटिया ने इसे पारंपरिक महोत्सव न कहते हुए संगीतकारों के लिए उनकी जड़ों से जुड़ा हुआ लोक महोत्सव कहा और बताया कि इस साल बहुत सारे नए कोलैबोरेशन जुड़ रहे हैं। 2007 से लगातार चल रहे जोधपुर रिफ ने 15 से भी अधिक साल से भारत के मूल संगीत को फिर स्थापित करने का काम किया है। फेस्टिवल की शुरुआत मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट, और जयपुर विरासत फाउंडेशन ने की थी और अब तक 1000 से अधिक राजस्थानी कलाकार जोधपुर रिफ में प्रस्तुति दे चुके हैं।

### राजस्थानी धुनों पर होगा कथक नृत्य

इस महोत्सव में पश्चिम बंगाल, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के संगीतकारों के साथ, महाराष्ट्र की महिला ढोल वादक, राजस्थानी लोक गीतों पर कथक डांस, नियोपोलिटन संगीत के सितारे और एस्टोनिया, इटली, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, ट्यूनीशिया, कोलंबिया से मिरी पेरिस, स्यूनोडी अजरे, जेशर हज यूसेफ, जेफ लॉग, ग्रेह सिहान, रैना पीटरसन, अजो गोमेज व रिस पोबेस्टियन सहित सौ से अधिक लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

### दिन में प्रैक्टिस, शाम को प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत जसवंत थड़ा पर सुबह साढ़े पांच से साढ़े सात बजे तक शास्त्रीय संगीत से होगी। भोर के समय यहां होने वाली लाइव प्रस्तुतियां दर्शकों को आध्यात्म से जोड़ देती हैं। जबकि शाम के आयोजन मेहरानगढ़ की जनाना ड्योडी के प्रांगण में होते हैं। यहां कामायचा, खड़ताल और कई देशी लोक वाद्यों के साथ यहां के कलाकार सेक्सोफोन और विदेश कलाकारों के साथ राजस्थानी धुनों पर कत्थक का फ्यूजन पेश करेंगे।

विधानसभा चुनाव में ड्यूटी पर तैनात CISF जवान की मौत

# गलती से दबा ट्रिगर, गोली जबड़े को चीरकर सिर से हुई आर-पार

## हादसे के वक्त अपने साथियों के साथ गाड़ी में बैठा था जवान

बेधड़क | सीकर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 25 नवंबर को वोटिंग होगी, वहीं तीन दिसंबर को नतीजे आएंगे। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए राजस्थान पुलिस के साथ-साथ पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई है।

इस बीच राजस्थान के फतेहपुर में चुनाव ड्यूटी करने आए एक सीआईएसएफ जवान की अपनी ही सर्विस राइफल से गोली लगने से मौत हो गई। मृतक जवान राजस्थान के ही झुंझुनूं जिले का रहने वाला था। सूचना मिलने पर मृतक जवान के परिजन फतेहपुर पहुंचे और शव को लेकर गांव आए। मृतक जवान का नाम देवीलाल काजला था। देवीलाल झुंझुनूं जिले के चनाणा गांव का रहने वाला था। देवीलाल की तैनाती सीआईएसएफ की 402 कंपनी गुवाहाटी, असम में थी। राजस्थान विधानसभा चुनाव में देवीलाल की ड्यूटी लगी थी।

वह अपनी कंपनी के साथ यहां आया हुआ था। देवीलाल चुनाव अधिकारियों के साथ कार में बैठा था, तभी उसकी इंसास राइफल से ट्रिग्रर दबने से गोली चल गई। गोली जबड़े के नीचे से घुसती हुई सिर को चीरकर गाड़ी की छत से निकल गई।



### सकते में आ गए चुनाव अधिकारी

हादसे के समय कार में चुनाव अधिकारी भी बैठे हुए थे। गोली की आवाज सुन वह सभी सकते में आ गए। अधिकारियों ने आनन-फानन में घटना की जानकारी पास के पुलिस थाने को दी। सूचना मिलने पर डीएम, एसपी सहित पुलिस और सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम ने जवान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जवान के परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर जवान के घरवाले भी मौके पर पहुंच गए।

### जिला कलेक्टर ने दी घटना की जानकारी

जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी, एसपी परिस देशमुख, सीआईएसएफ के अधिकारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में जवान को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने बताया कि परिजनों को बुलाकर जवान के सव का पोस्टमार्टम करवाया गया और शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं हादसे पर चीफ इलेक्शन कमीश्नर, सीओ सहित जिले के अधिकारियों ने गहरी सवेदना वक्त की। चुनाव आयोग की तरफ से जवान के परिजनों को 15 लाख रुपए का चेक दिया जाएगा।

गड्ढा बचाने के चक्कर में हादसा

## बस अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत



बेधड़क | भीलवाड़ा

जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र की सतोला का खेड़ा गांव के पास सड़क पर गड्ढे को बचाने के चक्कर में एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, 13 यात्री घयाल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस उप अधीक्षक श्याम सुंदर बिश्नोई ने बताया कि एक बस भीलवाड़ा से जहाजपुर जा रही थी। इस दौरान बस चालक को रोड पर गड्ढा दिखाई दिया, उससे बचकर निकलने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि बस का स्टीयरिंग फेल हो गया, जिसके चलते बस सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। बस पलटने के बाद चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर छोटे-छोटे बच्चों को बस के शीशे को तोड़कर बाहर निकाला।

हादसे में बस में सवार पारोली थाना क्षेत्र के रोपा गांव निवासी महिला ग्यारसी और आमली गांव हमीरगढ़ निवासी नारायण धोबी की मौके पर मौत हो गई। वहीं, 13 लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद और एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि कुछ घायलों को कोटड़ी सामुदायिक अस्पताल तो कुछ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नाकाबंदी में बदमाशों का नहीं लगा सुराग

## धौलपुर में बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी से 4 लाख रुपए लूटे

बेधड़क | धौलपुर

मनियां थाना क्षेत्र में बाल गोविंद का पूरा गांव के पास मंगलवार को बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी की बाइक को टक्कर मारकर लूट की घटना को अंजाम दिया। चार लाख रुपए से भरा बैग छीनकर बदमाश बेखौफ फरार हो गए।

पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी भी कराई लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लग सका है। जानकारी के मुताबिक मनियां कस्बे में रहने वाला व्यापारी संतोष कुमार (48) पुत्र जगदीश मांगरोल कस्बे में स्थित अपनी दुकान पर पैसे लेकर जा रहा था। इसी दौरान बाल गोविंद का पूरा और मांगरोल गांव के बीच पीछे से एक बाइक पर आए तीन बदमाशों ने व्यापारी की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में व्यापारी नीचे गिर गया।



इसी दौरान दूसरी बाइक पर बैठे तीन बदमाश व्यापारी के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मनियां थाना प्रभारी अनिल जसोरिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां आसपास लगे कैमरों के आधार पर बदमाशों की लोकेशन दुल्हारा गांव की ओर जाने की आई।

महाराव शेखाजी की 590वीं जयंती मनाई

## देश का शक्ति केन्द्र है सनातन संस्कृति

बेधड़क | जोधपुर

क्षत्रिय धर्म की शेखावत खांप के संस्थापक महाराव शेखाजी की 590वीं जयंती मंगलवार को समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाजसेवियों का सम्मान और रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। बीजेएस स्थित राजपूत सभा भवन में महाराव शेखाजी संस्थान की ओर से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने महाराव शेखाजी के शौर्य को नमन करते हुए कहा कि भारत की सभी सकारात्मक ताकतों और सभी समाजों का शक्ति केन्द्र सनातन संस्कृति है। देश में कई प्रकार की आंतरिक और बाहरी चुनौतियां हैं और सनातन संस्कृति पर चारों ओर से हमले हो रहे हैं। इसे बचाना हम सब, खासकर क्षत्रिय समाज की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी है। जेडीए के पूर्व अध्यक्ष प्रो. महेन्द्रसिंह राठौड़, प्रो. कल्याणसिंह शेखावत, प्रो. नरपतसिंह शेखावत ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह में एडवोकेट गोविंदसिंह, श्यामसिंह सजाड़ा, कप्तान चतरसिंह समेत कई समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। डॉ. हिम्मतसिंह शेखावत के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में पचास से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पार्षद भवानी सिंह जोधा, कर्नल भंवर सिंह, कर्नल किशोर सिंह, रणजीत सिंह ज्याणी, भाजपा नेता भवानी प्रताप सिंह, रामसिंह रोहीणा, हनवंत छात्रावास के पदाधिकारी, महिलाएं और बच्चे भी उपस्थित थे। समारोह का संचालन संस्थान के संयोजक स्वरूप सिंह सांगलिया ने किया। शिक्षक नेता दिनेश सिंह शेखावत ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।



आरएसएस का स्थापना दिवस

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन में दिखी अनुशासन की कदमताल

■ जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

बेधड़क | अजमेर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना दिवस पर आज प्रदेशभर में पथ संचलन निकाला गया और विजयी दशमी के उपलक्ष्य में शस्त्र पूजन भी किया गया। अजमेर में स्वयंसेवकों की ओर से शहर में 11 अलग-अलग जगहों पर पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पथ संचलन में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हुए। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जाब्ता भी मौजूद रहा। इससे पहले सभी जगहों पर विजयदशमी पर शस्त्र पूजन किया गया। अजमेर में दयानंद नगर, वीर सावरकर नगर, दीनदयाल नगर, दाहरसेन नगर, केशव नगर, चाणक्य नगर, विवेकानंद नगर, माधवनगर, मधुकर नगर, सुभाषचंद्र बोस नगर, पृथ्वीराज चौहान नगर का पथ संचलन निकाला गया। ये पथ संचलन शहर के विभिन्न मार्गों पर अलग अलग जगह निकाला। इसमे अनुशासित स्वयंसेवक ढोल की थाप पर कदम से कदम मिलते हुए चले। आज ही के दिन 1925 में हेडगवार ने नागपुर में संघ की स्थापना की थी। पथ संचलन से पूर्व शस्त्र पूजन किया गया। अलग अलग जगहों पर निकाले गए पथ संचलन के दौरान पुलिस के जवान भी सुरक्षा के लिए तैनात रहे।



### अलवर में मनाया 98वां स्थापना दिवस

अलवर। अलवर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 98वें स्थापना दिवस के मौके पर पथ संचलन निकाला। पथ संचलन के निकलने से पहले शहर के ही कंपनी बाग में शस्त्र पूजन किया गया। इसके साथ ही साल भर में किए गए कार्यों को बताया गया। वहीं बौद्धिक सत्र में विचार मंथन भी हुआ। विहिप के जिलाध्यक्ष दिलीप मोदी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 98वें स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने अलवर शहर में कंपनी बाग से होपसर्कस, घंटाघर, कटला से नंगली सर्किल होते हुए कंपनी बाग तक पथ संचलन निकाला गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक भाग लेने पहुंचे।

### विजया दशमी पर बीएसएफ ने किया शस्त्र पूजन

**जैसलमेर।** जैसलमेर की सम रोड स्थित सीमा सुरक्षा बल की 1022 तोपखाना रेजिमेंट परिसर में विजया दशमी के दिन तोपखाने की पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अधिकारी और जवान मौजूद रहे। विजय दशमी के दिन आर्टिलरी में सभी अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की गई। हथियारों को तिलक लगाकर आरती कर पूजा की गई। बीएसएफ की तोपखाना का उदय भारत-पाक युद्ध 1971 के समय हुआ था। तोपखाने की ताकत पर ही युद्ध जीता जाता है और यही हर बल की सबसे बड़ी ताकत होती है। तोपखाने के दम पर ही सेना दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती है। मंगलवार को शस्त्र पूजन के दौरान रेजिमेंट के अधिकारियों एवं जवानों ने रेजिमेंट कमांडेंट एस. एस.पंवार की मौजूदगी में तोपों के साथ अन्य अस्त्र-शस्त्र का पंडित ने विधिवत पूजन किया। इस दौरान तोपों को तिलक लगाकर माला पहनाकर पूजा की गई। 1022 बीएसएफ तोपखाना रेजिमेंट कमांडेंट एस. एस. पंवार ने बताया कि आज विजय दशमी के दिन शस्त्र पूजन की परंपरा रही है, क्योंकि शस्त्र विजय का प्रतीक चिह्न माना गया है। आज के दिन अस्त्र-शस्त्र पूजन से मां दुर्गा प्रसन्न होकर शक्ति प्रदान करती है, ऐसा हमारा अटूट विश्वास है। आज हमारी रेजिमेंट 1022 तोपखाना में विधिवत शस्त्र पूजन किया गया। हम अपने हथियारों को अपना भगवान मानते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध हथियारों के बल पर लड़े जाते है। यह कहना सच होगा कि हम जिंदा भगवान की पूजा करते है।



CHUNAV बेधड़क




जयपुर, बुधवार, 25 अक्टूबर, 2023



**चुनावी पोळ**

कळह को रावण माच रह्यो,
सुणै ना कोई बात।
हाथ-कमल दोन्यू फंस्या,
हुवै घात पर घात।।

■ गजानन

**सीधे फील्ड से** | प्रदेश की छात्र राजनीति ने दिए हैं दर्जनों विधायक, सांसद और मंत्री

# कैंपस की राजनीति से निकल प्रदेश की सत्ता पर छाते रहे हैं युवा नेता

बेधड़क | जयपुर

यूनिवर्सिटी कैंपस राजनीति की पहली पाठशाला है। छात्र राजनीति ने प्रदेश में कई ऐसे सियासी चेहरे दिए हैं जो सांसद, विधायक, प्रदेश और केंद्र में मंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री तक बने हैं। प्रदेश में बड़े स्तर के नेता तैयार करने में जयपुर की राजस्थान यूनिवर्सिटी सबसे आगे रही है। वहीं जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी जोधपुर और सुखाड़िया यूनिवर्सिटी उदयपुर ने भी कई बड़े नेता दिए हैं। हालांकि अशोक गहलोत प्रदेश के अकेले ऐसे नेता हैं जो छात्रसंघ की राजनीति से निकलकर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने लेकिन छात्रनेता से मंत्री, सांसद व विधायक पद तक का रास्ता तय करने वाले नेताओं की संख्या अच्छी खासी है।

छात्र राजनीति से मुख्य राजनीति में आने वाले नेताओं के ट्रेंड को देखें तो सामने आता है कि 2004 से पहले कैंपस की राजनीति करने वाले कई नेताओं ने मुख्य राजनीति में जगह बनाई। इसके बाद छात्रसंघ चुनाव बंद हो गए थे। वर्ष 2010 में छात्रसंघ चुनाव वापस शुरू हुए, उसके बाद से विवि के छात्रनेता 8 साल तक कुछ खास कमाल नहीं कर पाए।

2018 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर लड़े मुकेश भाकर व रामनिवास गावड़िया विधायक बने। भाकर ने राजस्थान विवि छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था लेकिन जीत नहीं पाए थे। गावड़िया भी राजस्थान विवि में छात्रनेता रहे हैं।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी छात्र राजनीति से आए



### राजस्थान यूनिवर्सिटी से निकली है नेताओं की खेप

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में से राजस्थान विवि नेताओं की सबसे बड़ी उदय स्थली रहा है। 1998 में यहां के छात्रसंघ अध्यक्ष रहे ज्ञानसिंह चौधरी बाद में मंत्री बने। 1986 के अध्यक्ष चंद्रशेखर भी मंत्री बने। पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ 1974-75 में, पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ 1978-79 में राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे हैं। 1979 के अध्यक्ष महेश जोशी वर्तमान सरकार में मंत्री हैं, सांसद रहे हैं। पूर्व मंत्री राजपाल सिंह 1980-81 में यूनिवर्सिटी अध्यक्ष बने थे। 1981 से 1986 तक अध्यक्ष रहे रघु शर्मा राजस्थान सरकार में मंत्री और सांसद रहे हैं। फिलहाल खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास भी छात्रसंघ अध्यक्ष रहे हैं। 1999-2000 के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा मंत्री रहे हैं व वर्तमान में विधायक हैं। हनुमान बेनीवाल आरएलपी के सुप्रीमो हैं, वे भी 1997 में छात्रसंघ अध्यक्ष रहे हैं। खेलमंत्री अशोक चांदना भी राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रनेता रहे हैं। इनके अलावा सतीश पूनिया (विधायक), अश्क अली टांक (पूर्व राज्यसभा सांसद), अशोक लाहोटी (विधायक), कैलाश वर्मा (पूर्व विधायक), जितेन्द्र मीणा (पूर्व अध्यक्ष एससी एसटी आयोग), मुकेश भाकर (विधायक), रामनिवास गावड़िया (विधायक) सहित कई नेता राजस्थान विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से निकले हैं।

### छात्रसंघ चुनाव हारा, तीन बार बने मुख्यमंत्री

जोधपुर की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ की राजनीति कर चुके अशोक गहलोत राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं। हालांकि वे विवि के छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव नहीं जीत पाए थे। वर्तमान में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत 1992-93 में जेएनवीयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे हैं। जेएनवीयू के छात्रसंघ अध्यक्ष रहे मेघराज लोहिया राज्यमंत्री रह चुके हैं व बाबूसिंह विधायक रह चुके हैं।

### एमबी कॉलेज अध्यक्ष रहे हैं सीपी जोशी

विधानसभाध्यक्ष सीपी जोशी उदयपुर के एमबी कॉलेज के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने सुखाड़िया यूनिवर्सिटी अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ा था। राजसमंद सांसद रहे हरिओम सिंह राठौड़ भी सुखाड़िया यूनिवर्सिटी अध्यक्ष रहे हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद सीपी जोशी और पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी चित्तौड़गढ़ सरकारी कॉलेज के अध्यक्ष रहे हैं।

**ये टिकटों की कतार में**

**कांग्रेस**
अभिषेक चौधरी- लोहावट
किशोर चौधरी- जैतारण
सुल्तानिया- कामां
भरत सिराधना- रानीवाड़ा
पूजा वर्मा- चाकसू
दुष्यंतसिंह चुण्डावत- चित्तौड़गढ़
रमेश भाटी- बगरू
अभिमन्यु पूनियां- सांगरिया

**भाजपा**
रविन्द्र सिंह भाटी- शिव
अरविन्द जाजड़ा- नागौर
महेन्द्र सिंह शेखावत- विराटनगर
शंकर गोरा- चौमूं





### इस बार इन नेताओं को मिले टिकट

- कालीचरण सराफ
- सीपी जोशी
- राजेन्द्र राठौड़
- सतीश पूनिया
- प्रतापसिंह खाचरियावास
- रघु शर्मा
- राजकुमार शर्मा
- अशोक चांदना
- कैलाश चंद्र वर्मा
- मुकेश भाकर
- रामनिवास गावड़िया
- पुष्पेन्द्र भारद्वाज
- ललित यादव




**बिहाइंड द कर्टेन**

## अब भाइयों को बस भगवान का सहारा

कुछ भाइयों का टिकट का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। ऐसे भाइयों की बेचैनी बढ़ती ही जा रही है जिनको अपना नाम पहली सूची में ही छप जाने की उम्मीद थी। पर दो-दो सूचियों से भी नाम नदारद रहा। अब कोई बताने वाला भी तो नहीं कि प्रचार का काम चालू रखें या रुक जाएं। सूचना मिली है कि कुछ नामों पर कन्फ्यूजन इतना है कि उनको बदला भी जा सकता है। तो, नाम को बदला ना जाए, इसके लिए ये भाई लोग अब भगवान की शरण में पहुंचे हैं। सुनने में आ रहा है कि इनका ज्यादातर टाइम इन दिनों भगवान के चरणों में ही बीत रहा है। और जब तक कुछ फाइनल ना हो जाए ऐसा ही चलेगा। दूसरी ओर, जिनका नाम किसी सूची में छप गया है, वो भी भगवान की शरण में हैं। उनकी बातों से लेकर लाइफस्टाइल तक में भगवान की छाप आ चुकी है। बस इन भाइयों की भक्ति के जागने की वजह दूसरी है। दरअसल, इनकी इमेज और पावर को देखते हुए इनका नाम तो सूची में आ गया। लेकिन इनको लगता है कि इनके कुछ पिछले कर्म इन्हें कुर्सी तक पहुंचने में रोक सकते हैं। अब ऐसे में अंतिम समय में अपने कर्मों को भगवान के नाम से ही सुधारा जा सकता है। तो इन्होंने इन दिनों भगवान का आसरा लिया है। अब भगवान इनकी क्या मदद करते हैं ये देखने वाली बात होगी। वैसे भगवान भी इस बार कन्फ्यूज होने वाले हैं क्योंकि सामने वालों की अर्जी भी लगी हुई है।

■ यायावर

**ई वॉर**


Ashok Gehlot
@ashokgehlot51
राजस्थान की महिलाओं के लिए विशेष सूचना-
कल श्रीमती प्रियंका गांधी जी झुंझुनूं में दोपहर 12:30 बजे राजस्थान की गृहणियों के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं करेंगी।

BJP Rajasthan
@BJP4Rajasthan
ढहेगी कांग्रेस की लंका
अब नहीं है कोई शंका।
#रावण_जलाओ_कांग्रेस_भगाओ
Translate post

**पॉली टून**




**थड़ी पॉलीटिक्स**

## कोई गणित काम नहीं आएगी, जो जनता का है, वो ही जीतेगा

**स्थान** साहू रेस्टोरेंट **समय** दोपहर 12:00 बजे

**चौड़ा रास्ता, जयपुर**




*“चुनाव हो जाने के बाद देंगे क्या यहां से टिकट। दो-दो लिस्ट तो निकल गई, इनमें तुम लोग अपने पॉपुलर मंत्रीजी को तो टिकट दे नहीं पाए। इस बार तो बंटाधार है भाई।” जनता का मिजाज जानने हम घूम रहे हैं जयपुर के चौड़ा रास्ता में। चुनावी माहौल अभी टिकटों पर केंद्रित है। दोनों पार्टियां सूटेबल कैंडिडेट को चुनने की प्रक्रिया में जूझ रही हैं। कहने को चुनाव में अब एक ही महीना बाकी है, लेकिन कयासों, अनुमानों और नए नए दावों से भरा यह महीना कुछ लोगों के लिए बहुत लंबा होने वाला है। हम जब चौड़ा रास्ता में साहू रेस्टोरेंट पर पहुंचे तो यहां पेड़ के नीचे जमी थी युवाओं की मंडली। बात यूं तो हवामहल सीट की चल रही थी लेकिन निशाने पर पूरे प्रदेश की राजनीति थी। चाय की चुस्की के साथ पुनीत ने टिकट का मुद्दा उछाला तो सामने से पवन ने बचाव किया-“ तुम्हारे वाले कौनसा सारे 200 को टिकट देकर बैठे हैं। यहां तो तुम्हारे भी वेटिंग ही चल रही है। तुम्हें हिन्दू-मुस्लिम की गणित बिठाने में टाइम लग रहा होगा। पर अब ये जुमला चलने वाला नहीं है।” बात पेड़ के पास मंडरा रहे चूहों को कुछ खाने को डाल रहे अभिनव के दिल पर लग गई-“लगने दो टाइम, तुम्हारे वाले भी तो पूरी गणित बिठाकर टिकट देते हैं तो इसमें क्या बुराई है। पर भाई कोई गणित काम नहीं आएगी। अब तो जिसने काम किया है, जो जनता के बीच में रहा है वो ही जीतेगा। अब जनता के भी सब समझ में आ गया है।” बात में दम था। चाय की घूंट लेकर अपनी बेटी को गोद से नीचे उतारते हुए रघुराज ने चर्चा को खत्म करने की मंशा से कहा-“भाई, किसी चक्कर में मत रहो। अबकी बार बहुत उठा पटक चल रही है। पता ही नहीं ऊंट कौनसी करवट बैठ जाए।” रघुराज की बेटी गिलहरी के पीछे भाग रही है। किसी की आवाज आती है-“पकड़ बेटा, ये नेताजी दूसरी पार्टी में जा रहे हैं, जाने मत देना।” और इसी के साथ पूरा माहौल ठहाकों से गूंज उठता है।*

■ **नरेन्द्र शर्मा**

**पॉली क्लिक्स**



जन-जन तक पहुंचने की जुगत: चुनावी माहौल में नेताओं के मैराथन दौरे चालू हैं। प्रदेश के हर इलाके में चुनावी नारे गूंज रहे हैं। नेता जनता को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। रालोपा नेता हनुमान बेनीवाल को अपने एक चुनावी दौरे के दौरान एक मंदिर में छोटे हिरण को देखा तो उसे गोद में उठा लिया।

**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ *गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार*
*gulabbatra@gmail.com*

# आज की नहीं, वेदों के समय से चली आ रही है समाज में राजनीतिक व्यवस्था

भारत को दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाने वाले देश का सम्मान हासिल है। संसदीय शासन प्रणाली में जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन की व्यवस्था है। इसके लिए स्वाधीनता के पश्चात स्वायत्तशासी संवैधानिक प्राधिकरण के रूप में भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया। आरम्भ में एक सदस्यीय आयोग की नियुक्ति की व्यवस्था थी। लेकिन तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन शेषन के कार्यकाल में दो आयुक्तों एमएस गिल एवं जीवी कृष्णामूर्ति की नियुक्ति से आयोग को तीन सदस्यीय स्वरूप दिया गया है। आयुक्त गिल का हाल ही में निधन हुआ है।

स्वाधीन भारत में लिखित संविधान में संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया और चुनाव पद्धति से जनप्रतिनिधियों को चुनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इससे राजनीतिक दलों का गठन हुआ। राजनैतिक दलों में वर्चस्व की लालसा में पार्टी में गुटबाजी तथा टूटन का इतिहास सर्वविदित है। इस परिस्थिति में 'पॉलिटिकल फैमिली' का अवतारवाद काफी फला-फूला। विशेषकर स्वतंत्र पार्टी के गठन से राजा-महाराजाओं को चुनावी राजनीति में सक्रिय होने का खुला मौका मिला। क्षेत्र विशेष में चुनावी टिकट नहीं मिलने पर फटाफट दूसरी पार्टी से टिकट हासिल करने की जुगाड़ यथावत है। भाई-भतीजावाद और टिकटों की मारामारी में पारिवारिक कलह अथवा हर राज में सता में दखलदांजी की कुटनीति भी इसमे निहित है तो सत्ता के सफर में खूनी रिश्ते भी दरक जाते हैं।



राजस्थान के राजनीतिक परिदृश्य पर झांकें तो विभिन्न जातीय समुदायों से जुड़े राजनीतिक वंशजों की तीसरी चौथी पीढ़ी तक की तस्वीर उभर आती है। मिर्धा परिवार, मदेरणा परिवार, गंगाराम चौधरी परिवार और अब हनुमान बेनीवाल परिवार, खेतसिंह राठौड़, रामसिंह विश्नोई, पायलट परिवार, राजा-महाराजाओं में उदयपुर-बीकानेर-जयपुर-भरतपुर-धौलपुर-जैसलमेर-कोटा-करौली-अलवर-जोधपुर सहित लघु रजवाड़े, सामंत- जागीरदार घराने भी सत्ता सुख की दौड़ में पीछे नहीं रहे हैं।

### इन मंत्रों में मिलता है वैदिक राजनीति का प्रमाण

**ये घीताको स्थलाराः कर्माशये मनीषिणः उपस्तीन एवं मध्ये त्वं सर्वान् कृष्णमितो जनान् ॥ (अथर्ववेद)**

अर्थात- राष्ट्रपालक मन्त्रिन् बुद्धिवैभवशाली, रथकार, शिल्पी, आध्यात्मज्ञानी लोगों को यहां चारों ओर उपस्थित करो (निर्वाचन के लिये अपना मत देने के लिये)।

**ये राजानो राजकृतः सूता ग्रामस्यश्च उपस्तीत् वर्ण महमे त्वं सर्वान् कृष्णमितोजनान।। (अथर्ववेद)**

अर्थात- राजा लोग (जगत में प्रतिष्ठा प्राप्त प्रशासक ),

राजकृत (राजा बनाने वाले अथवा निर्वाचित कर राजपद पर आसीन करने वाले), सूत्र (रथ के कुशल संचालक) तथा ग्रामी ग्रामणी (ग्रामनेता) आदि को, हे वर्ण यहां चारों ओर (निर्वाचन हो लिए) उपस्थित करो।

अथर्ववेद के इन श्लोकों से निर्वाचन प्रणाली की प्राचीनता परिभाषित है जिनमें राजा के चयन का प्रावधान भी निहित है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्राचीन समय में भी राजा चुने जाते थे। अलबता बाद में राजवंश की परम्परा विकसित हुई और युगानुसार साम्राज्यों के उत्थान एवं पतन का इतिहास बना।

हमास-इजराइल युद्ध

# सच वही नहीं जो बताया जा रहा



अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

हमास इजराइल युद्ध को लेकर पूरी दुनिया दो भागों में बटी हुई है और इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। स्वयं भारत में देखिए तो मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से लेकर लगभग सभी मुस्लिम संगठन और कई प्रमुख पार्टियां, नेता इजराइल को अपराधी साबित कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने अपने बयान में हमास की एक शब्द में भी आलोचना नहीं की और फिलिस्तीन राज्य का समर्थन किया है। पाकिस्तान से लेकर ईरान, जॉर्डन सीरिया, लेबनान सब इजराइल के विरोध और हमास के साथ खड़े दिख रहे हैं। पूरी इस्लामी दुनिया में इजराइल के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहे हैं।

हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी आदि देशों ने फिलीस्तीन के पक्ष में प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगा दिया है। भारत में एक बड़े वर्ग की आपत्ति इस पर है कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध में इजराइल का समर्थन क्यों व्यक्त कर दिया? यह दुर्भाग्य है कि पूरी स्थिति को लेकर एकपक्षीय, आधी-अधूरी और कुछ मायनों में तथ्यों से परे बातें की जा रही हैं। इसलिए संबंधित कुछ तथ्यों को सामने लाना आवश्यक है। एक, हमास ने इजराइल के एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिस तरह का हमला किया वैसा पहले वहां कभी नहीं हुआ था। इससे घृणित आतंकवादी हमला कुछ नहीं हो सकता। छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों, महिलाओं, पुरुषों की नृशंस हत्याएं तो हुई ही, साथ जो क्रूरता उनके साथ की गई उसकी तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। हमास ने तो इस्लामिक स्टेट आईएस की क्रूरता की सिहरन भरी यादों को ताजा कर दिया। हमास आतंकवादी है और जिस देश पर उसने हमला किया, आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में उसी का साथ दिया जा सकता है। दो, इसका यह अर्थ नहीं है कि भारत की फिलिस्तीन नीति बदल गई है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह शांतिपूर्ण वैध तरीके से स्वतंत्र फिलीस्तीन राष्ट्र का समर्थन करता था और है। तीन, भारत में फिलीस्तीन और एक समय फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के नेता यासर अराफात के साथ रोमांसवादी भाव था।

किंतु किसी प्रधानमंत्री ने फिलीस्तीन जाने का साहस नहीं किया। यह बात इजराइल के संदर्भ में भी है। कांग्रेस ने फिलिस्तीन का समर्थन किया है, ठीक है।, लेकिन कोई भी प्रधानमंत्री आज तक फिलिस्तीन क्यों नहीं गया था? चार,नरेंद्र मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने इजराइल तथा फिलिस्तीन दोनों देशों का दौरा किया। मोदी 4 से 6 जुलाई ,2017 को इजराइल यात्रा पर गए तो 10 फरवरी 2018 को उन्होंने फिलिस्तीन का दौरा किया।

वास्तव में भारत की फिलिस्तीन नीति कभी बदली ही नहीं। इसी कारण अरब देशों के साथ इस समय भारत के संबंध काफी अच्छे हैं। जब अमेरिका ने यरुशलम को इजराइल की राजधानी के रूप में मान्यता दी, तब भारत ने इसका समर्थन नहीं किया था। संयुक्त राष्ट्रसंघ में प्रस्ताव आने पर भारत ने इसके विरुद्ध मतदान किया। इसलिए यह कहना बिल्कुल गलत है कि मोदी सरकार ने फिलीस्तीन की कीमत पर इजराइल को प्राथमिकता दे दी है। फिलिस्तीन की यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम फिलिस्तीन की शांति और संप्रभुता के लिए प्रतिबद्ध हैं। फिलिस्तीन हमारी विदेश नीति में हमेशा से शीर्ष पर रहा है। हमारा मानना है कि बातचीत और गहन कूटनीति से ही हिंसा के चक्र और इतिहास के बोध से मुक्ति पाई जा सकती है। यह आसान नहीं है, लेकिन हमें लगातार कोशिश करते रहनी चाहिए। यह भी कहा कि फिलिस्तीन शांतिपूर्ण तरीके से जल्द ही एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र बनेगा। उन्होंने साफ कहा कि वार्ता के जरिए यहां हिंसा खत्म होनी चाहिए तथा शांति का मार्ग निकलना चाहिए। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी को विदेशियों को दिया जाने वाला सबसे बड़ा सम्मान ग्रैंड कॉलर प्रदान किया।

> “ यह कहना बिल्कुल गलत है कि मोदी सरकार ने फिलीस्तीन की कीमत पर इजराइल को प्राथमिकता दे दी है। फिलिस्तीन की यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम फिलिस्तीन की शांति और संप्रभुता के लिए प्रतिबद्ध हैं। फिलिस्तीन हमारी विदेश नीति में हमेशा से शीर्ष पर रहा है। हमारा मानना है कि बातचीत और गहन कूटनीति से ही हिंसा के चक्र और इतिहास के बोध से मुक्ति पाई जा सकती है। यह आसान नहीं है, लेकिन हमें लगातार कोशिश करते रहनी चाहिए। यह भी कहा कि फिलिस्तीन शांतिपूर्ण तरीके से जल्द ही एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र बनेगा। उन्होंने साफ कहा कि वार्ता के जरिए यहां हिंसा खत्म होनी चाहिए तथा शांति का मार्ग निकलना चाहिए। ”



**ईरान के नए इस्लामी क्रांतिकारी नेता, अयातुल्ला खुमैनी ने कह दिया कि यह अपराध अमेरिकी साम्राज्यवाद और अंतरराष्ट्रीय जायनीवाद का काम है। दूसरी और सोवियत संघ ने भी यह अफवाह फैलाई कि सऊदी अरब मस्जिद पर कब्जा तो अमेरिका ने करवाया था। इससे इस्लामी देशों में जबरदस्त उग्र प्रदर्शन शुरू हुआ। इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास पर भीड़ ने कब्जा कर कर आग लगा दी थी।**

फिलिस्तीन राष्ट्र के समर्थन का अर्थ हमास की आतंकवादी क्रूरता का समर्थन नहीं हो सकता। हर देश और व्यक्ति को इस समय हमास के आतंकवाद के विरुद्ध तथा इजराइल के संघर्ष के साथ सक्रिय रूप से खड़ा होना चाहिए और यही भारत कर रहा है। हमास की विजय का मतलब इस्लामी आतंकवाद की विजय होगी। अब आइए कुछ दूसरे तथ्यों पर। पाकिस्तान इस समय फिलिस्तीन-फिलिस्तीन चिल्ला रहा है। फिलिस्तीनियों के साथ उसका व्यवहार क्या रहा है? फिलिस्तीन और जॉर्डन के इतिहास में जिसे ब्लैक सितंबर कहा जाता है वह क्या है? सितंबर 1970 में यासिर अराफात ने पूर्वी जॉर्डन में वहां के सुल्तान को चुनौती दी और विद्रोह कर दिया था। पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फिलिस्तीन (पीएफएलपी) ने चार अंतरराष्ट्रीय विमानों का अपहरण कर लिया और जॉर्डन के रेगिस्तान में एक सुनसान हवाई पट्टी, डॉसन फील्ड में तीन को उड़ा दिया। हुसैन ने मार्शल लॉ और गृहयुद्ध की घोषणा की। सीरिया फिलिस्तीनियों के समर्थन में उतरा और उसके 250 टैंक जॉर्डन में घुस गए। उस युद्ध का लंबा इतिहास है। जॉर्डन को कई देशों की सेनाओं की मदद लेनी पड़ी। वहां पाकिस्तान सेना के तत्कालीन ब्रिगेडियर जनरल जियाउल हक के नेतृत्व में फिलिस्तीनियों का कत्लेआम हुआ। मोटा-मोटी आंकड़ा है कि आठ से 10 हजार फिलिस्तीनी मारे गए थे। तो जितने फिलिस्तीनियों को इजराइलियों ने नहीं मारा उससे अधिक को तो पाकिस्तानियों ने मारा है। बाद में जिया-उल-हक पाकिस्तान के सेना प्रमुख और राष्ट्रपति भी बने। क्या पाकिस्तान को कोई यह याद दिलाएगा कि फिलिस्तीनियों के साथ आपकी क्या नीति रही है? यासिर अराफात भारत आते थे, लेकिन पाकिस्तान नहीं जाते थे। पाकिस्तान से उनका रिश्ता नहीं था। पाकिस्तानियों को याद रखना चाहिए।

जॉर्डन एक मुस्लिम देश है लेकिन वह फिलिस्तीनियों से स्वयं को खतरा महसूस करता है। उसने गुपचुप इजराइल से समझौता किया। पाकिस्तान हमेशा जॉर्डन के साथ रहा है। हमास का आरोप है कि इजराइली सैनिक पवित्र अल अक्सा मस्जिद में घुस गए। यानी उन्होंने पाक मस्जिद को नापाक किया है। किसी भी मजहब के पवित्र स्थल को पवित्र रहने देना चाहिए। किंतु किसी पवित्र स्थल में यदि अतिवादी प्रवेश कर जाएं, वहां विद्रोह और राजनीति की भाषा बोली जाने लगे तो किसी भी राष्ट्र का कर्तव्य उसे खाली करना और शांति स्थापित करना हो जाता है। क्या यह पहली बार हुआ है? इस्लाम में अल अक्सा मस्जिद को मक्का और मदीना के बाद स्थान दिया जाता है। अल-इखवान के इस्लामी आतंकवादियों ने सन 1979 में मक्का की पवित्र इस्लामी स्थल माने जाने वाली मस्जिद अल-हरम पर कब्जा कर लिया था। सऊदी अरब ने पाकिस्तान और फ्रांस की फौजों को निमंत्रित किया जो पूरे सूट बूट यानी जूता पहने हुए अंदर घुसे थे। मस्जिद पर 20 नवंबर ,1979 से 4 दिसंबर 1979 तक आतंकवादियों का नियंत्रण रहा। उनके साथ भीषण लड़ाई हुई। मस्जिद की दीवारें टूटी। अंदर कमरों और तहखानों में भारी मात्रा में गोला बारूद हथियार बरामद हुए। आतंकवादियों ने हाउस ऑफ सऊद को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया था। घोषणा की थी कि महदी (इस्लामिक शास्त्र में एक मसीहा व्यक्ति) का आगमन हो चुका है। उनके नेताओं में से एक मुहम्मद अब्दुल्ला अल-कहतानी ने सभी मुसलमानों से उसकी बात मानने का आह्वान किया। उस युद्ध में आतंकवादियों और बंधक बनाए गए मुसलमानों की मौत से पूरी इस्लामी दुनिया हिल गई थी।

अल-कहतानी उन 117 आतंकवादियों में से एक था, जिन्हें संघर्ष में सैनिकों ने मार डाला था। प्रमुख आतंकवादी जुहेमान अल-ओतायबी और उसके 68 साथी पकड़े गए। 9 जनवरी, 1980 इनको आठ सऊदी शहरों बुरैदाह, दम्मम, मक्का, मदीना, रियाद, आभा, हेल और ताबुक के चौराहों पर सार्वजनिक रूप से सिर कलम कर दिया गया था। उस समय तो किसी देश ने सऊदी अरब द्वारा विदेशी सैनिकों को अंदर ले जाने का विरोध नहीं किया। जिनको मारा गया वह सारे मुसलमान ही थे। जिस प्रकार इस समय अमेरिका और कुछ अन्य देशों के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहा है या भारत में मोदी सरकार के विरुद्ध वैसा ही उस समय भी होने लगा था। ईरान के नए इस्लामी क्रांतिकारी नेता, अयातुल्ला खुमैनी ने कह दिया कि यह अपराध अमेरिकी साम्राज्यवाद और अंतरराष्ट्रीय जायनीवाद का काम है। दूसरी और सोवियत संघ ने भी यह अफवाह फैलाई कि सऊदी अरब मस्जिद पर कब्जा तो अमेरिका ने करवाया था। इससे इस्लामी देशों में जबरदस्त उग्र प्रदर्शन शुरू हुआ। इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास पर भीड़ ने कब्जा कर कर आग लगा दी थी। लीबिया की त्रिपोली में भी अमेरिकी दूतावास पर हमले हुए। बाद में पता चला कि सच कुछ और ही था, लेकिन इससे पूरा माहौल अतिवादियों के समर्थन जैसा हो गया था। इस तरह की घटनाएं अरब देशों में जब-जब घटी हैं लगभग यही स्थिति पैदा हुई है और उसके दुष्परिणाम उसी क्षेत्र को ही भुगतने पड़े। इस युद्ध के खतरे बहुत हैं। ईरान, लेबनान, सीरिया आदि हमास के पक्ष में आ गए हैं दूसरी ओर हम रूस यूक्रेन युद्ध का सामना कर रहे हैं। किंतु इसके दबाव में हमास को न तो क्षमा किया जा सकता है और ना ही छोड़ा जा सकता है। अच्छा हो आम भारतीय और विश्व समुदाय सच्चाई को समझें और तथ्यों के आधार पर अपनी भूमिका निभाएं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

## और बुराई में लड़ाई



मोहनलाल मौर्य
व्यंग्यकार

देखते ही देखते तू-तू मैं-मैं से हुई तकरार हाथापाई पर उतर आई। बीच-बचाव में गए सज्जन गाली-गलौज की गोलियों से घायल होकर वापस लौट आए। पर बुराई बाई और अच्छाई ताई की ओर से गालियों की गोलाबारी शांत नहीं हुई। बल्कि हावी होती गई और लड़ती-झगड़ती बीच सड़क पर आ गई। तमाशबीन भीड़ छुड़ाने के बजाय खड़ी-खड़ी तमाशा देखने में मशगूल थी।

मैं बीच-बचाव में इसलिए नहीं कूदा कि औरतों की लड़ाई हैं। कहीं भारी नहीं पड़ जाए। कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं काटने पड़ जाए। पर वहां पर औरतें भी काफी थी, जिनमें से छुड़ाने के लिए एक भी आगे नहीं आ रही थी। कई भाई लोग तो अपने मोबाइल से इस तरह वीडियो बना रहे थे। जैसे कि किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे हो। मैंने एक भाई साहब से पूछा भी आप वीडियो क्यों बना रहे हैं? भाई साहब ने पहले तो मेरी ओर घूर कर देखा और फिर बोला,'आपको क्या आपत्ति है?' 'मुझे कोई आपत्ति नहीं है पर किसी का इस तरह वीडियो बनाना अच्छी बात नहीं है।' यह सुनकर वह बोला, 'मैं ही अकेला थोड़ी बना रहा हूं और भी तो बना रहे हैं। इसलिए मैं भी बना रहा हूं।' मैंने उससे पूछा, 'बनाकर क्या करोगे?' वह तपाक से बोला,'सोशल मीडिया पर वायरल करूंगा। तुम इतने सवाल-जवाब क्यों कर रहे हो? यह दोनों क्या तुम्हारी सगी संबंधी हैं।' 'मैंने कहा, 'नहीं हैं।' तो फिर साइड हटो। और मैं साइड में हो गया। तमाशबीन भीड़ में से मुट्ठी भर लोग यह जरूर पूछ रहे थे कि दोनों के बीच हुज्जत हुई कैसे? भीड़ में से पता चला कि अच्छाई ताई ने बुराई बाई को यह कह दिया था कि आज रावण दहन के पुतले के साथ बुराई भी जलकर खाक हो जाएगी। बस यह सुनकर ही बुराई बाई आग बबूला हो गई और गालियों की झड़ी लगा दी। काफी देर तक तो अच्छाई ताई सुनती रही। जब नहीं-नहीं मानी तो चोटी पकड़कर दो-चार थप्पड़ रसीद कर दी। फिर क्या था? दोनों में गुत्थमगुत्थी हो गई और लड़ती-झगड़ती घर से सड़क तक आ गई। बुराई बाई अच्छाई ताई को जो मुंह में आया वही बकी जा रही थी। तू अच्छाई ही होकर भी क्या कर पाई? मुझे देख मैं चुटकियों में असंभव को भी संभव कर देती हूं। तू क्या समझती है रावण के पुतले के साथ जलकर खाक हो जाती हूं। यह तेरा भ्रम है और मेरी कलाकारी है, जो कि मैं तुम जैसे लोगों की आंखों में धूल झोंककर साइड से निकल जाती हूं। मैं वह बुराई हूं जो कभी खत्म नहीं होने वाली।

एक बार तू मुझे छोड़, फिर बताती हूं, मैं क्या बला हूं। अच्छाई ताई उसका हाथ मरोड़ती हुई बोली,'तू चाहे जो भी बला हो। मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। आज मैं तुझे तेरी औकात बताकर ही रहूंगी। यह तो शुक्र है कि वक्त पर एक ओर से अच्छाई ताई की बहन 'भलाई' आ गई और दूसरी ओर से बुराई बाई का भाई 'बुरा' आ गया था, जिन्होंने आते ही दोनों को अलग-अलग कर दिया। अन्यथा तमाशबीन भीड़ के भरोसे तो न जाने क्या अनर्थ हो जाता। बुरा भाई बुराई बाई को धमकाते हुए बोला, तेरे अंदर थोड़ी बहुत भी लाज शर्म है या नहीं। इतनी बड़ी बूढ़ी के साथ हाथापाई पर उतर गई। तुझे पता भी है आखिरकार जीत अच्छाई की होती है और अच्छाई ताई अच्छाई के सब गुण विद्यमान है। चल घर पर तेरी खबर लेता हूं।

X




**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
असत्य, अन्याय और अत्याचार की हार तय है। लड़ाई लंबी चल सकती है, लेकिन युद्ध का अंत सत्य और न्याय के पक्ष में ही होगा। विजयादशमी ने हमें यही सर्वोत्तम रास्ता दिखाया है।



**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@VasundharaBJP
भारतीय संस्कृति में 'राम' केवल एक शब्द नहीं है। राम सत्य हैं, राम मोक्ष हैं, राम आस्था हैं और राम ही 'स्वर्ग के द्वार' हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जीवन के हर पहलू के प्रति सम्मान और कृतज्ञता सफलता की ओर ले जाती है। आप सभी इस दिन को पूरी भागीदारी, आनंद और प्रेम के साथ मनाएं।



**स्वामी अवधेशानंद,** विद्वान, वक्ता
@AvdheshanandG
यह संसार एक ही परमात्मा की विविध रूपों में अभिव्यक्ति है इसलिए आत्मज्ञान से परिपूर्ण साधक प्रत्येक वस्तु पदार्थ के प्रति भगवदीय भाव रखता है।"आत्मवत् सर्वभूतेषु" का दिव्य भाव वैश्विक शांति और सद्भाव स्थापित करने में सक्षम है।



**उज्ज्वल पाटनी,** मोटिवेशनल स्पीकर
@Ujjwal_Patni
संसार की सबसे महंगी पुस्तक, सबसे बड़ा प्रेरक और सबसे मूल्यवान विचार आपके अंदर एक प्रतिशत का भी परिवर्तन नहीं ला सकते, यदि आप बदलना ना चाहें तो।



**अनुपम खेर,** अभिनेता
@AnupamPKher
तुम में से कोई राम है क्या....? दशहरे के अवसर पर एक सोचने लायक़ विचार.... रावण बनना भी कहाँ आसान.... क्या कहेंगे आप? :)

नॉलेज कॉर्नर: सनातन संस्कृति में तुलसी का है धार्मिक महत्व

# कई बीमारियों का उपचार है तुलसी पत्तों में

हमारे आस -पास और घर में ऐसे पेड़ पौधे होते है लेकिन हम उनके बारे में आधी जानकारी नहीं रखते हैं और ना ही उनके औषधीय गुणों के बारे में जानकारी होती है। अपने घरों में ऐसे कई छोटे-बड़े पेड़ यूं ही उगे रहते हैं जिनमें औषधीय गुणों की भरमार होती है। हम बात कर रहे हैं तुलसी के पौधे की। भारत में अधिकतर हिन्दू परिवारों के घरों में तुसली का पौधा आंगन या बगीचे में उगाया जाता है। आज भी ग्रामीण भारत हो या शहरों में रहने वाले खासकर सनातनी परिवार, तुलसी का पौधा आंगन में अवश्य लगाते हैं और सुबह शाम उसकी पूजा भी करते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में तुसली के औषधीय गुणों और उसके उपयोग के बारे में...

### ये हैं फायदे

तुलसी के पत्तों में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में रोजाना सुबह तुलसी का एक पत्ता खाली पेट खाने से सर्दी-खांसी की समस्या से राहत मिल सकती है। रोजाना खाली पेट तुलसी के पत्ते चबाने से एसिडिटी और पेट में जलन की समस्या दूर होती है। साथ ही यह शरीर के पीएच लेवल को बरकरार रखने में भी सहायक है। पत्तों का सेवन करने से मुंह के बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं, जिससे सांस की बदबू की समस्या भी दूर होती है। शारीरिक समस्याओं से निजात दिलाने के साथ ही तुलसी



के पत्ते मानसिक समस्याओं में भी काफी कारगर है। कई अध्ययनों में यह सामने आया है कि तुलसी के पत्तों में मौजूद एडेप्टोजन स्ट्रेस को कंट्रोल करने में मदद करता है। साथ ही यह नर्वस सिस्टम को रिलैक्स कर ब्लड फ्लो में सुधार करता है।

### घरों में की जाती है पूजा

आयुर्वेद में कई ऐसी जड़ी-बूटियों और पेड़-पौधों का जिक्र मिलता है, जो हमारी सेहत के लिए फायदेमंद हैं। तुलसी इन्हीं पौधों में से एक है, जो न सिर्फ अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है, बल्कि इसका अपना धार्मिक महत्व भी है। भारतीय संस्कृति में तुलसी के पौधे को घर के आंगन में लगाना और इसकी पूजा करना बेहद शुभ माना जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी के पत्ते सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। यही वजह है कि रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शारीरिक और मानसिक समस्याओं से राहत मिलती है। इनमें ऑसीमम सैक्टम को प्रधान या पवित्र तुलसी माना गया जाता है। इसकी भी दो प्रधान प्रजातियाँ हैं- श्री तुलसी, जिसकी पत्तियाँ हरी होती हैं और कृष्णा तुलसी जिसकी पत्तियाँ नीलाभ-कुछ बैंगनी रंग लिए होती हैं।

**यह पाया जाता है पत्तियों में**

*तुलसी में अनेक जैव सक्रिय रसायन पाए गए हैं, जिनमें ट्रैनिन, सैवोनिन, ग्लाइकोसाइड और एल्केलाइड प्रमुख हैं। प्रमुख सक्रिय तत्व हैं एक प्रकार का पीला उड़नशील तेल जिसकी मात्रा संगठन स्थान व समय के अनुसार बदलते रहते हैं। 0.1 से 0.3 प्रतिशत तक तेल पाया जाना सामान्य बात है।*

कंटेंट: श्रवण भाटी

**छत्तीसगढ़ की चुनाव परिक्रमा:** सीएम बघेल के बयान पर पूर्व सीएम रमन सिंह ने कसा तंज, कांग्रेस का पलटवार

# किसानों की कर्ज माफी का क्रेज, राज्य में सियासी घमासान हुआ तेज

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान में अब दो सप्ताह से भी कम समय रह गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पार्टी की सत्ता में वापसी पर किसानों का कर्ज माफ करने के वादे पर सियासत शुरू हो गई है।

दोनों पार्टियों के नेताओकं ने एक दूसरे पर सियासी प्रहार किए हैं। भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार सभी किसानों का कर्ज माफ करने का वादा करके



सत्ता में आई थी। लेकिन पांच साल में किसान फिर से करोड़ों रुपए के कर्ज में डूब गए हैं। छत्तीसगढ़ में हालात यह है कि किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। यह सीएम भूपेश बघेल की विफलता है। राज्य में प्रथम चरण का मतदान 7 नवंबर को होगा।

## भाजपा का घोषणा पत्र आने दो, उम्मीदें होंगी पूरी



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि वर्मी खाद के नाम पर जबरन मिट्टी बेचने वाली सरकार को चुनाव के वक्त किसान याद आ रहे हैं। अभी भाजपा का घोषणा पत्र तो आने दीजिए, किसान को भाजपा से जितनी उम्मीद हैं, सभी पूरी होंगी। गांव, गरीब और किसान का विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को वचन दिया है कि उनकी और अधिक बेहतरी के लिए काम करेंगे। किसानों को कांग्रेस राज के 16 प्रतिशत ब्याज पर कर्ज का ब्याज मुक्त ऋण में बदलने वाली भाजपा के घोषणा पत्र में ऐसी ऐसी योजनाएं हैं जिससे किसानों को कर्ज के जाल में फंसना ही नहीं पड़ेगा। भूपेश बघेल ने फिर साबित कर दिया कि 5 साल में उन्होंने जनता के हित के कोई कार्य नहीं किए हैं। अब हार के डर से घोषणाएं कर रहे हैं।

## भूपेश बघेल का विजय सूत्र

- पूर्व की तरह इस बार भी होगा किसानों का कर्ज माफ
- जातिगत जनगणना कराएंगे
- 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदा जाएगा
- 17.5 लाख परिवार को हम आवास देंगे।(बघेल ने सोमवार को एक आमसभा ये वादे किए थे)

## दीपक बैज का पलटवार



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा है कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के किसानों का कर्ज माफ किया, मोदी सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों का 25 लाख़ करोड़ का लोन माफ किया। भूपेश सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ के 20 लाख किसानों को ऋण मुक्ति मिली, सिंचाई कर माफ हुए। लेकिन रमन सिंह की सरकार ने राज्य में किसानों से किए गए अपने वादे को कभी पूरा नहीं किया। अब आगे भी छत्तीसगढ़ के किसान भाजपा पर भरोसा नहीं करेंगे।

## जिनका टिकट कटा, उन्हें मनाया गया, जो नहीं माने उन्हें आगे देखेंगे: शैलजा

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा मंगलवार को कहा कि केवल बस्तर ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई वर्तमान विधायकों के टिकट काटे गए हैं। जिनके टिकट कटे है, वह अपने परिवार के सदस्य हैं और उनको मनाया गया है। पार्टी से बगावत करने जैसी कोई बात नहीं है।जो नहीं माने हैं, उन्हें आगे देखा जाएगा। पार्टी से बगावत करके जो चुनाव लड़ रहे हैं, उससे कांग्रेस की जीत पर फर्क नहीं पड़ेगा।

## तेलंगाना: भाजपा की दूसरी सूची आज-कल में संभव



**हैदराबाद**। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की दूसरी सूची जल्द आने की उम्मीद है। पार्टी ने सोमवार को 52 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने बताया शेष निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा दशहरा के बाद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने टी राजा सिंह के स्पष्टीकरण से आश्वस्त होने के बाद ही उन्हें चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया था। सिंह को उनकी अल्पसंख्यकों को आहत करने वाली एक टिप्पणी को लेकर पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि बीआरएस और कांगेस राजनीति में भ्रष्टाचार और परिवारवाद के शासन के उदाहरण हैं। उन्होंने राज्य के मतदाताओं से भाजपा को वोट देकर चुनाव जिताने की अपील की।

## मंत्री पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**सागर**। मध्य प्रदेश के सागर की सुरखी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के ऊपर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। मंत्री गोविंद के खिलाफ एक वीडियो सामने आने के बाद शिकायत दर्ज कराई हैं। सिंह जनसंपर्क के दौरान सुरखी विधानसभा के हिरनखेड़ा गांव में लोगों को संबोधित कर रहे थे। वहां उनके भाषण का वीडियो वायरल होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी को ईमेल से शिकायत की गई और व्हाट्सएप पर वीडियो दिया गया।

**दशहरा उत्सव:** जातिवाद-क्षेत्रवाद को जड़ से खत्म करने का आह्वान

# अगली रामनवमी रामलला मंदिर में मनाई जाएगी: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोगों से समाज में जातिवाद और क्षेत्रवाद जैसी विकृतियों को जड़ से खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा कि दशहरा उत्सव को देश में हर बुराई पर देशभक्ति की जीत का प्रतीक भी बनाना चाहिए।

पीएम मोदी दशहरा समारोह के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में द्वारका में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह हर किसी का सौभाग्य है कि वे सदियों के इंतजार के बाद अब अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण का गवाह बन रहे हैं। यह कुछ महीनों में पूरा हो जाएगा।

यह लोगों के धैर्य की जीत का प्रतीक है। मंदिर में भगवान राम के विराजने में कुछ महीने बचे हैं। अगली रामनवमी अयोध्या में रामलला के मंदिर में भव्यता के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व सिर्फ रावण पर राम की विजय का पर्व नहीं, राष्ट्र की हर बुराई पर राष्ट्रभक्ति की विजय का पर्व बनना चाहिए। हमें समाज में बुराइयों के, भेदभाव के अंत का संकल्प लेना चाहिए। हमें भगवान राम के विचारों का भारत बनाना है। कार्यक्रम स्थल पर मंच पर आयोजकों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उन्हें राम दरबार की मूर्ति और गदा भी भेंट की गई। प्रधानमंत्री ने राम-सीता और लक्ष्मण की आरती की।



## पीएम का दस संकल्प लेने का आह्वान

- आने वाली पीढियों को ध्यान में रखते हुए पानी बचाना
- डिजिटल लेन-देन के लिए लोगों को प्रेरित करना
- गांव और शहर में स्वच्छता में सबसे आगे जाएं
- वोकल फॉर लोकल को फॉलो करेंगे
- हम क्वालिटी काम करेंगे
- पहले अपना पूरा देश देखेंगे। यात्रा करेंगे, फिर समय मिला तो विदेश जाने के लिए सोचेंगे।
- प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करेंगे
- सुपरफूड मिलेट्स अपनी रोजमर्रा की जिदंगी में शामिल करेंगे
- योग, स्पोर्ट्स और फिटनेस को प्राथमिकता देंगे
- कम से कम एक गरीब परिवार के साथ मिलकर उसकी शक्ति बढाएंगे

## हर बुराई पर राष्ट्रभक्ति की विजय का पर्व

उन्होंने आगे कहा कि विजयादशमी का पर्व सिर्फ रावण पर राम की विजय का पर्व नहीं, राष्ट्र की हर बुराई पर राष्ट्रभक्ति की विजय का पर्व बनना चाहिए। भारत आज विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ सबसे विश्वस्त लोकतंत्र के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के सफल चंद्र मिशन, नए संसद भवन के उद्घाटन और महिला आरक्षण कानून बनाए जाने का हवाला देते हुए कहा कि यह कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के बीच हो रहा है। उन्होंने पानी की बचत, डिजिटल लेनदेन, स्वच्छता, स्थानीय चीजों के लिए मुखर रहने (वोकल फॉर लोकल), गुणवत्तापूर्ण कार्य, घरेलू पर्यटन, प्राकृतिक खेती, मोटे अनाजों के उपभोग और फिटनेस पर भी जोर दिया।

## शस्त्र पूजा का विधान देश की रक्षा के लिए

उन्होंने कहा, विजयादशमी पर शस्त्र पूजा का भी विधान है। भारत की धरती पर शस्त्रों की पूजा किसी भूमि पर आधिपत्य नहीं, बल्कि उसकी रक्षा के लिए की जाती है।हम गीता का ज्ञान भी जानते हैं और आईएनएस विक्रांत और तेजस का निर्माण भी जानते हैं। हम श्रीराम की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी सीमाओं की रक्षा करना भी जानते हैं। हम शक्ति पूजा का संकल्प भी जानते हैं और कोरोना में सर्वे सन्तु निरामया के मंत्र को भी जी करके दिखाते हैं। इस बार हम विजयादशमी तब मना रहे हैं, जब चंद्रमा पर हमारी विजय को दो महीने पूरे हुए हैं।

**विजयादशमी उत्सव में बोले भागवत**

# अगले साल लोस चुनाव हैं, सोच समझकर वोट दें

■ साजिश रचकर पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया, विदेशी ताकतें जिम्मेदार

**एजेंसी** | नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को नागपुर में विजयादशमी के उत्सव के दौरान शस्त्र पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आने वाले दिनों में 2024 का लोकसभा चुनाव है आप सबको सोच समझकर अपना वोट देना चाहिए। देश की एकता, अखंडता, अस्मिता और विकास के मुद्दों पर विचार करते हुए ही सभी अपना मत दें। उन्होंने मणिपुर में हाल में हुई हिंसा का मुद्दा उठाया और इसके लिए बाहरी ताकतों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में साजिश रचकर पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया है।



## राज्य में अचानक क्यों लगी आग

मणिपुर हिंसा पर सवालिया निशान लगाते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि मणिपुर में मैतेई और कुकी समाज के लोग पिछले काफी वक्त से एक साथ रह रहे हैं। अचानक ऐसा क्या हुआ कि दोनों समुदायों के बीच आग लग गई। भागवत ने सवाल किया कि ऐसे अलगाववाद और आंतरिक संघर्ष से किसे लाभ होता है? क्या मणिपुर में जो कुछ हुआ उसमें बाहर के लोग भी शामिल थे?

## भारत की ओर देख रहा विश्व

इजराइल और हमास के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष का मुद्दा उठाते हुए मोहन भागवत ने कहा कि समूचा विश्व शांति का रास्ता दिखाने के लिए भारत से आस लगाए हुए है। पूरा विश्व इस वक्त एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है। ऐसे में विश्व की जरूरतों और चुनौतियों को पूरा करने के लिए भारत अपने स्वयं के मूल्यों के आधार पर एक नई दृष्टि के साथ उभरेगा।

**शिवसेना यूबीटी की दशहरा रैली**

## उद्धव ने दी चुनाव कराने की चुनौती

**एजेंसी** | मुंबई

शिवसेना-यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को चुनौती देते हुए कहा, महाराष्ट्र में चुनाव कराइए। महाराष्ट्र की जनता आपको बताएगी कि असली शिवसेना कौन है। मैं आपको महाराष्ट्र में चुनाव की चुनौती देता हूं। ठाकरे मुंबई के दादर स्थित शिवाजी पार्क में शिवसेना-यूबीटी की दशहरा रैली को संबोधित कर रहे थे। वे अपने बेटे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे और पत्नी के साथ रैली में पहुंचे



थे। ठाकरे ने कहा, 57 साल हो गए, लेकिन हम रुके नहीं। कई बाधाएं आईं, लेकिन हमने हार नहीं मानी और आगे भी ऐसे ही इस भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली के बाद हम सभी एक असुर का दहन करने वाले हैं।

### नेताओं को चुराकर कमल में फंसाते हैं

ठाकरे ने बिना किसी का नाम लिए सरकार पर निशाना साधा और कहा, वर्ल्ड कप का मौसम चल रहा है, मैच के दौरान बीच बीच में ब्रेक आते हैं। इन प्रचार में अक्षय कुमार, शाहरुख कुमार और अजय देवगन एक प्रचार में आते हैं और दो उंगली दिखा कर कमला पसंद का प्रचार करते हैं। उसी प्रकार महाराष्ट्र में ये सरकार के 3 नेता दो उंगली दिखाकर नेताओं को चुराकर कमल में फंसाते है।

**मिजोरम:** कांग्रेस का चुनाव घोषणापत्र जारी

## 750 रुपए में LPG सिलेंडर देने का वादा

**एजेंसी** | आइजोल

मिजोरम में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसमें सत्ता में आने पर 750 रुपए में एलपीजी सिलेंडर, 2 हजार रुपए प्रतिमाह की पुरानी पेंशन, 15 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा कवर और अन्य कल्याणकारी वादे किए गए हैं। मिजोरम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता रोनाल्ड सापा तलाई ने सोमवार को मीडिया को बताया कि कांग्रेस पार्टी राज्य



में एक ऐसी सरकार स्थापित करेगी जो कुशल, पारदर्शी और भ्रष्टाचार से मुक्त होगी। कांग्रेस सरकार जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ग्राम परिषदों व स्थानीय निकायों को ज्यादा से ज्यादा शक्ति, अधिक जिम्मेदारियां और वित्तीय संसाधन देगी।

### बुनियादी ढांचे का होगा विकास

घोषणा पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस सरकार राज्य में कनेक्टिविटी, हवाई अड्डे, बिजली आदि जैसे बेहतर बुनियादी ढांचे के विकास पर भी काम करेगी। इसके अलावा किसानों और उद्यमियों के लिए कांग्रेस सरकार स्टार्टअप फंडिंग का प्रावधान करेगी। सरकार बनने पर कांग्रेस युवा मिजो उद्यमी कार्यक्रम की स्थापना करेगी और मिजो युवाओं के लिए 1 लाख नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखेगी।

### वृद्धावस्था पेंशन ₹2000 माह करने का ऐलान

घोषणापत्र में आगे वादा किया गया है कि जिन परिवारों में कोई सरकारी कर्मचारी नहीं है, उनके लिए हमारी पार्टी 15 लाख रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा कवर का समर्थन करेगी। पार्टी असाध्य रोगियों के लिए 5 करोड़ रुपए का बजट भी रखेगी। साथ ही वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर ₹2000 प्रति माह की जाएगी।

**मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी**


# टिकट कटने पर बढ़ी कलह, कहीं प्रदर्शन-धरना तो कोई छोड़ गया पार्टी

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश के विभिन्न अंचलों में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी मंगलवार को रावण दहन के साथ हर्षोउल्लास से मनाया गया। लेकिन राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच कलह का रावण अडिग खड़ा है। कांग्रेस ने राज्य की सभी 230 सीटें के लिए प्रत्याशी घोषित कर चुकी है जबकि भाजपा ने 228 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए हैं, लेकिन कुछ नेताओं के टिकट काटे जाने को लेकर उनके समर्थकों का विरोध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कुछ नेता निर्दलीय ताल ठोकने की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ नेता किसी ऐसी पार्टी का हाथ थामने की तैयारी में है, जिससे उसे टिकट मिल सके। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ के आवास के बाहर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कई सीटों पर उम्मीदवारों को बदलने की मांग को लेकर हनुमान चालीसा पाठ किया। वहीं, राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह मुरैना से टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा को छोड़ दिया है और बसपा में शामिल हो गए हैं। बसपा ने उनके बेटे राकेश सिंह को यहां से चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने रुस्तम सिंह की जगह मुरैना से पूर्व कांग्रेस नेता रघुराज सिंह कंसाना को मैदान में उतारा है। कंसाना को ज्योतिरादित्य सिंधिया का करीबी माना जाता है। कंसाना भी सिंधिया के साथ भाजपा में शामिल हुए थे।



## निशा बांगरे का इस्तीफा स्वीकार, चुनाव लड़ने का रास्ता साफ



मध्य प्रदेश की चर्चित छतरपुर की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे का इस्तीफा आखिरकार मध्य प्रदेश सरकार ने स्वीकार कर लिया है। इसी के साथ निशा बांगरे का चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। बांगरे ने अपना इस्तीफा मंजूर किए जाने के लिए सरकार पर दबाव डालने के लिए आमला से भोपाल तक पदयात्रा भी की थी।बांगरे के इस्तीफे की फाइल भोपाल के सरकारी दफ्तरों में लंबे समय से अटकी पड़ी थी। इस पर बांगरे ने पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जबलपुर हाईकोर्ट में तुरंत सुनवाई करते हुए सरकार को आदेश दिया था कि 23 अक्टूबर तक इस मामले में अंतिम फैसला ले लिया जाए।

## दिग्विजय सिंह पर भड़के शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महानवमी के मौके पर सीएम हाउस में कन्या भोज पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दिग्विजय सिंह ने शिवराज को सबसे बड़ा नौटंकीबाज कह दिया था। मंगलवार को इस मामले में सीएम शिवराज सिंह ने दिग्विजय सिंह पर करारा पलटवार किया। शिवराज ने कहा कि बेटियों की पूजा सनातन का संस्कार है। दिग्विजय सिंह उसे नाटक-नौटंकी कह रहे हैं। सनातन और शिवराज का विरोध करते-करते दिग्विजय इतने निचले स्तर पर पहुंच गए कि उन्हें बेटियों के सम्मान से भी तकलीफ होने लगी है।

## टिकट कटा तो रो पड़े भाजपा विधायक

रीवाः भाजपा ने इस बार जिन विधायकों के टिकट काटे उनमें मनगवां से पार्टी विधायक पंचूलाल भी शामिल हैं। पार्टी ने उनकी जगह नरेंद्र प्रजापति को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद पंचूलाल ने बगावती तेवर अख्तियार किए हैं। टिकट कटने के बाद मीडिया के सामने उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त पंचूलाल रोने लगे। उन्होंने कहा कि वह पत्नी का नामांकन पत्र दाखिल कराएंगे और पार्टी अगर उनकी बातों पर विचार नहीं की तो निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान पंचूलाल की पत्नी भी उनके साथ बैठी थी। पंचूलाल ने कहा कि मेरा क्या कसूर है। लगातार तीन बार विधायक रहा हूं। पार्टी के नेताओं ने अब तक यह नहीं बताया कि मेरी की क्या गलती है, जिसके कारण टिकट काटा गया है।

## जरूरी खबर

### महिला अंतरिक्ष यात्रियों को मिलेगी प्राथमिकता



**तिरुवनंतपुरम।** इसरो चीफ एस सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि वो देश के अंतरिक्ष अभियानों में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने की इच्छा रखते हैं। यह इच्छा प्रधानमंत्री मोदी सहित देश की भावनाओं को दर्शाती है। पूर्णमासी कावु मंदिर में एक कार्यक्रम के दौरान सोमनाथ ने इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन में ज्यादा से ज्यादा महिला अंतरिक्ष यात्रियों के शामिल होने की अपनी इच्छा जाहिर की। हालांकि, एस सोमनाथ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों का चयन और प्रशिक्षण पहले ही किया जा चुका है, इसलिए पहले गगनयान मिशन में महिलाओं की भागीदारी संभव नहीं होगी। गगनयान मिशन का उद्देश्य इंसानों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।

### खाड़ी में खतरनाक हुआ चक्रवाती तूफान हामून

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान हामून मजबूत हो रहा है। इसके चलते मौसम विभाग ने तटीय इलाकों में हाई अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा चक्रवाती तूफान हामून पिछले 6 घंटों में 23 किमी प्रति घंटे की गति के साथ पूर्वोत्तर की ओर बढ़ गया। इसकी तीव्रता कई घंटे बरकरार रहने की संभावना है। इसके बाद यह उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ते हुए धीरे-धीरे कमजोर होगा। मौसम विभाग ने कहा कि इसके 25 अक्टूबर की शाम खेपुपारा और चटगांव के बीच बांग्लादेश तट को पार करने की संभावना है। चक्रवाती तूफान की गति 65 से 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़कर 85 किमी प्रति घंटे तक पहुंच जाएगी।

### भारत-मलेशिया के बीच द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया की सेनाओं के बीच सैन्य अभ्यास हरिमऊ शक्ति 2023 का आगाज सोमवार को हुआ। यह अभ्यास पांच नवंबर तक चलने वाला है। पिछले साल यह अभ्यास नवंबर में मलेशिया के पुलाई, क्लुआंग में आयोजित किया गया था। इस अभ्यास में दोनों देशों के लगभग 120 सैन्य कर्मी शामिल हुए हैं। इस दौरान दोनों दल एक संयुक्त कमांड पोस्ट और एक इंटिग्रेटेड सर्विलेंस ग्रिड के साथ संयुक्त सर्विलेंस सेंटर स्थापित करेंगे। दोनों पक्ष जंगल, अर्ध-शहरी, शहरी वातावरण में संयुक्त अभ्यास करेंगे।

## रावण दहन देखने उमड़ा जन सैलाब





**नई दिल्ली।** देशभर में मंगलवार को बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देश के अलग-अलग राज्यों में रावण दहन किया गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लाल किला मैदान में धार्मिक लीला समिति की ओर से आयोजित दशहरा समारोह में शामिल हुईं और रावण दहन किया। दिल्ली के द्वारका सेक्टर 10 स्थित डीडीए ग्राउंड में रावण दहन को देखने उमड़ा जन सैलाब।

### रक्षा मंत्री ने चीन सीमा के नजदीक तवांग में मनाया दशहरा, कहा...

# सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में शस्त्र पूजन किया और चीन के साथ सीमा के पास रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में सेना के जवानों के साथ दशहरा पर्व मनाया।

उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य के मद्देनजर देश के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सिंह ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ एलएसी पर भारत की सैन्य तैयारियों की व्यापक समीक्षा भी की और अटूट प्रतिबद्धता और अद्वितीय साहस के साथ सीमा की रक्षा करने के लिए सैनिकों की सराहना की। रक्षा मंत्री सिंह ने बुम-ला और कई अन्य अग्रिम चौकियों का निरीक्षण भी किया। इसके बाद उन्होंने सैनिकों के साथ बातचीत की। सिंह ने कहा कि रक्षा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन के जरिए देश के सैन्य कौशल को मजबूत करने के लिए कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आप कठोर परिस्थितियों में जिस तरह से सीमा की रक्षा और सुरक्षा कर रहे हैं, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। देशवासियों को आप पर गर्व है। आपकी वजह से देश और लोग सुरक्षित हैं।



### पूर्वी लद्दाख में कई जगहों पर 3 साल से बना है गतिरोध

रक्षा मंत्री ने कहा वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर सैनिकों के साथ दशहरा ऐसे समय मनाया है जब भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कुछ स्थानों पर 3 साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है। सेना ने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के बाद से सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के काफी क्षेत्रों के साथ-साथ करीब 3,500 किलोमीटर लंबी एलएसी पर सैनिकों और हथियारों की तैनाती को काफी बढ़ा दिया है।

### सेना के शौर्य से बढ़ा देश का कद

तवांग में सैनिकों के साथ शस्त्र पूजा करने के बाद के बाद सिंह ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों की वीरता और प्रतिबद्धता वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते कद के पीछे मुख्य कारणों में से एक है और यह अब सबसे शक्तिशाली देशों में से एक है। सिंह ने आर्थिक क्षेत्र में भारत की सफलता को देश की बढ़ती वैश्विक छवि के कारणों में से एक बताया। साथ ही यह भी कहा कि अगर सशस्त्र बलों ने देश की सीमा की प्रभावी ढंग से रक्षा नहीं की होती, तो इसका कद नहीं बढ़ता।

### मणिपुर के सीएम की दो टूक

# अवैध प्रवासियों को स्वीकार नहीं करेंगे

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में अवैध प्रवासियों को कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मूल निवासी समुदायों को अपने ऐतिहासिक संबंधों को बनाए रखना चाहिए।

सिंह ने यह भी कहा कि सोमवार को चुराचांदपुर जिले से म्यांमा के संगठन 'चिन कुकी लिबरेशन आर्मी' के दो सदस्यों की गिरफ्तारी से राज्य में जातीय संघर्ष में बाहरी समूहों की संलिप्तता का पता चलता है। मणिपुर में मई में जातीय संघर्ष शुरू हुआ था जिसमें 180 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इंफाल पूर्वी जिले में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, मैं पारंपरिक और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 34 समुदायों के बीच मौजूद पुराने बंधन को बनाए रखने के लिए आपका समर्थन चाहता हूं। मैं कभी भी अवैध प्रवासियों को अनुमति नहीं दूंगा और उन्हें स्वीकार नहीं करूंगा।



### बाहरी आतंकी समूहों का है मामला

सिंह ने कहा, एनआईए ने स्पष्ट कर दिया है कि मणिपुर का मसला न तो अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक का है और न ही हिंदू और ईसाइयों का है। यह मामला म्यांमार और बांग्लादेश के आतंकवादी समूहों द्वारा मणिपुर स्थित संगठनों के साथ मिलकर भारत संघ के खिलाफ युद्ध छेड़ने का है।

### जिम्मेदारी से नहीं बच सकते पीएम: रमेश

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मणिपुर और पूरे पूर्वोत्तर के लोग करीब से देख रहे हैं कि कैसे प्रधानमंत्री ने मणिपुर को ऐसे समय में छोड़ दिया, जब उनके हस्तक्षेप की सबसे ज्यादा जरूरत थी। पीएम मोदी राज्य के संकट को पूरी तरह से नजरअंदाज करके जवाबदेही और जिम्मेदारी से बच नहीं सकते।

### रॉकेट विक्रम-1 का अनावरण

## 300 किलो का पेलोड ले जा सकेगा

**एजेंसी** | हैदराबाद

भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट ने मंगलवार को दक्षिण हैदराबाद के ममीडिपल्ली में जीएमआर एयरोस्पेस और औद्योगिक पार्क में विक्रम-1 रॉकेट का अनावरण किया। विक्रम-1 का निर्माण भारत में किया गया है।

यह रॉकेट 300 किलोग्राम पेलोड को पृथ्वी की निचली कक्षा में ले जाने में सक्षम होगा। इसके साथ ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्काई रूट के नए मुख्यालय 'द मैक्स-क्यू कैंपस' का भी उद्घाटन किया। सिंह ने कहा कि भारत अब अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्य देशों का नेतृत्व करने की स्थिति में है। अब इसे ऐसे देश के रूप में नहीं देखा जा रहा है, जिसका नेतृत्व अन्य देश कर रहे हैं।



अपने संबोधन में उन्होंने उम्मीद जताई कि स्काईरूट जल्द ही विक्रम-1 ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल का प्रक्षेपण भी करेगी। वहीं, स्काईरूट के सह-संस्थापक और सीओओ भरत डाका ने कहा कि विक्रम-1 के निर्माण में हमारी डिजाइन क्षमता और अत्याधुनिक घरेलू तकनीक अभिन्न अंग रही है। हम 2024 की शुरुआत में लॉन्च के लिए इसकी तैयारी कर रहे हैं।

### बदरीनाथ-केदारनाथ के कपाट बंद करने की तिथि तय

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्थित बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री धामों के कपाट बंद होने की तारीख तय हो गई है। भगवान बदरीविशाल के कपाट 18 नवंबर को बंद होंगे केदारनाथ धाम के कपाट भैया दूज के शुभ अवसर पर 15 नवंबर को बंद किए जाएंगे। जबकि, गंगोत्री धाम के कपाट 14 नवंबर और यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

## इफको के प्लांट का अवलोकन



**कलोल (गुजरात)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के कलोल में लिक्विड डीएपी के पहले प्लांट का उद्‌घाटन किया। प्लांट का अवलोकन करते हुए शाह।

### भारत व अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालयों के परिप्रेक्ष्य में चर्चा

# न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते, लेकिन उनकी भूमिका महत्वपूर्ण: चंद्रचूड़

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीश यद्यपि निर्वाचित नहीं होते हैं, लेकिन उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि न्यायपालिका के पास प्रौद्योगिकी के साथ तेजी से बदल रहे समाज के विकास में 'प्रभाव को स्थिर' करने की क्षमता होती है।

वह सामान्य तौर पर की जाने वाली उस आलोचना का जवाब दे रहे थे कि निर्वाचित नहीं होने वाले न्यायाधीशों को कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने यह बात जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर, वाशिंगटन और सोसाइटी फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स (एसडीआर), नई दिल्ली द्वारा आयोजित तीसरी तुलनात्मक संवैधानिक कानूनी चर्चा में कही। चर्चा का विषय 'भारत और अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालयों के परिप्रेक्ष्य से' था। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि न्यायाधीशों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, भले ही हम निर्वाचित नहीं होते हैं। हम हर पांच साल में लोगों के पास वोट मांगने नहीं जाते हैं। लेकिन इसका एक कारण है।



मेरा मानना है कि इस अर्थ में न्यायपालिका हमारे समाज के विकास में प्रभाव को स्थिर करने वाली है, विशेषतौर तब, जबकि हमारे इस दौर में जिसमें यह प्रौद्योगिकी के साथ बहुत तेजी से बदल रहा है। न्यायाधीश ऐसी आवाज होते हैं, जो 'समय के उतार चढ़ाव' से परे होती है और अदालतों के पास समाज में प्रभाव को स्थिर करने की क्षमता होती है।

### इसलिए भी आते हैं लोग अदालतों में

सीजेआई ने कहा,मेरा मानना है कि भारत जैसे बहुलवादी समाज के संदर्भ में अपनी सभ्यताओं, अपनी संस्कृतियों की समग्र स्थिरता में हमें एक भूमिका का निर्वहन करना है। सीजेआई ने कहा कि अदालतें नागरिक समाज और सामाजिक परिवर्तन के लिए सम्मिलन का केंद्र बिंदु बन गई हैं। इसलिए, लोग केवल नतीजों के लिए अदालतों का रुख नहीं करते। साफ तौर पर कहें तो, संवैधानिक परिवर्तन की प्रक्रिया में आवाज उठाने के लिए भी लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं...। उन्होंने कहा कि यह एक कठिन सवाल है और इसके कई कारण हैं कि लोग अदालतों में क्यों आते हैं।

### विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका नहीं निभाते जज

सीजेआई ने कहा, लोगों का अदालतों में आना बहुत महत्वपूर्ण है... क्योंकि हम शासन की कई संस्थाएं हैं...... । निस्संदेह, शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत मौजूद है। हम विधायिका या कार्यपालिका की भूमिका अपने हाथों में नहीं लेते। उन्होंने कहा, अदालतें ऐसी जगह बन रही हैं जहां लोग समाज के लिए अभिव्यक्ति को बुलंद आवाज देने के लिए आते हैं। उस मकसद के लिए आवाज उठाई जाती है, जिसे लोग हासिल करना चाहते हैं।

### समलैंगिक विवाह पर अंतर्मन की आवाज से फैसला

सीजेआई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि समलैंगिक विवाह पर बीते दिनों दिया गया उनका फैसला अंतर्मन की आवाज से दिया गया था और वह अब भी उस पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर संवैधानिक महत्व के मुद्दों पर दिए गए फैसले अंतर्मन की आवाज ही होते हैं और भले ही समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर उनका फैसला अल्पमत में रहा लेकिन वह अब भी उस पर कायम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में समलैंगिक विवाह को कानूनी दर्जा नहीं दिया और संसद पर इस मुद्दे पर कानून बनाने का फैसला छोड़ दिया। सीजेआई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश एसके कौल समलैंगिक संबंधों को मान्यता देने के पक्ष में थे, लेकिन बाकी तीन न्यायाधीशों ने इसका विरोध किया।

## डांडिया महारास-2023: जयपुराइट्स ने कॉम्बो इवेंट को किया एंजॉय

# कैटवॉक के बीच खनकाए डांडिया

**बेधड़क.जयपुर।** एक ओर डांडिया की खनक और दूसरी ओर रावण दहन की खुशियां। हर उम्र के लोगों ने इस दोहरी खुशी को अपने-अपने अंदाज में जिया। मौका था वैशाली नगर गांधी पथ स्थित जानकी पैरेडाइज में 4 दिवसीय जेकेजे जूलर्स डांडिया महारास का, जिसमें रावण दहन खास रहा। आरके इवेंट्स व जनपंगा की ओर से हुए डांडिया महारास में आतिशी नजारों के बीच रावण के पुतले को आग के हवाले किया गया। वहीं, डांडिया क्वीन फैशन कॉन्टेस्ट में फैशनेबल ड्रेसेज में सजी मॉडल्स ने कैटवॉक कर फैशन की रंगत बिखेरी। आयोजक पवन टांक ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथियों में जेकेजे जूलर्स के डायरेक्टर राजकुमार मौसून, उपेंद्र मौसून, कैलाश मौसून, रविसूर्या ग्रुप चेयरपर्सन रविन्द्र प्रताप सिंह, समाजसेवी जे. डी. माहेश्वरी, मंदाकिनी साड़ीज डायरेक्टर प्रशांत पोद्दार, किशन जोगनिया, लग्जरी लाउंज रोसाडो डायरेक्टर तरुण बहल सहित अन्य उपस्थित थे।



### महिला पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

कार्यक्रम की शुरुआत में डांडिया क्वीन फैशन कॉन्टेस्ट हुआ, जिसमें इंडिया ग्लैम की मॉडल्स ने फैशन के रंग बिखेरे। इस दौरान नव दुर्गा शक्ति स्वरूपा कर्तव्यनिष्ठ महिला पुलिसकर्मियों को एसीपी वैशाली नगर सुरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में उत्कृष्ट महिला पुलिस सम्मान से नवाजा गया। इसके बाद श्रीराम रावण संग्राम पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया गया, जिसका लोगों ने स्वागत किया।



### मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम पोस्टर का विमोचन

अंत में 50 फीट ऊंचे रावण का दहन कर बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व मनाया गया। उपस्थित जनसमूह ने जय श्रीराम के जयकारों से माहौल को गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम सीजन 5 के 3 नवम्बर को होने वाले जयपुर ऑडिशन का पोस्टर भी लॉन्च किया गया। उल्लेखनीय है डांडिया महारास का यह 12वां सीजन था।



## बालिकाओं को प्रसादी वितरित



**बेधड़क. जयपुर।** रामनवमी पर्व पर भारतीय संस्कृति संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शहर की कच्ची बस्तियों के गरीब परिवारों एवं कन्याओं को निशुल्क पूरी सब्जी चना और हलवा की भोजन प्रसादी वितरित की गई। बच्चों को चॉकलेट और पेंसिल भी दी गई। ट्रस्ट संचालक सीमा शर्मा ने बताया कि संस्थान बेसहारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहन कार्य भी कर रही है। संस्थान की ओर से कई वर्षों से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती रही है, जिसमें कॉपी, किताबें, पेन-पेंसिल एवं उनकी शिक्षा संबंधी अन्य सभी जरूरतों को पूरा किया जाता है। वहीं महिलाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाते हैं।

## कन्याओं से लिया आशीर्वाद

**बेधड़क. जयपुर।** मेरी पहल संस्था की ओर से श्रीदक्षिणमुखी गणेश मंदिर में कन्याओं का सामुहिक पूजन किया गया। संस्था अध्यक्ष गिर्राज सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम में सृष्टि का आधार कन्या की पूजा-अर्चना कर चुनरी ओढ़ाकर भोजन कराया गया। साथ ही उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन व पढाई की वस्तुएं (कापी-पेंसिल-पेन) फल आदि वितरीत किए गए। कार्यक्रम में संस्था सचिव चन्दा कंवर, मनमोहन सिंह, संदीप सैन, राहुल प्रजापत, पूर्व महारानी कॉलेज अध्यक्ष शीतल राठौड़, डॉ. शिव पालावत, अमरीशवर्धन सिंह, लक्ष्मण सिंह, निकिता शेखावत, संदीप सिंह, लोकेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, जितेंद्र सिंह, रामकिशोर प्रजापत, महावीर सिंह शेखावत, पंडित कपिल सारस्वत, सुनील शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

## भाषा हमेशा जिंदा रहती है



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थानी भाषा को आगे बढ़ाने के लिए सभी को योगदान देना पड़ेगा। राजस्थानी भाषा के साहित्यकार सत्यदेव संवितेंद्र ने आखर कार्यक्रम में यह विचार रखे। साहित्यकार आशा पांडेय के साथ बातचीत में सत्यदेव ने कहा कि राजस्थानी भाषा पूरे राज्य में एक है, फिर चाहे बोलियां अलग-अलग क्यों न हों। राजस्थानी भाषा को मान्यता पर कहा कि कोंकणी या कई अन्य भाषाएं जिन्हें बोलने वालों की संख्या कम है फिर भी उन्हें मान्यता मिली, लेकिन हमारी 11 करोड़ लोगों की भाषा को अभी तक मान्यता नहीं मिल पाई है यह दुखद है। इस अवसर पर लोकेश कुमार साहिल, राजेंद्र मोहन शर्मा, राजेश कुमार व्यास, विनय कुमार शर्मा, नंद भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### डांस और खेलों में दिखाया दमखम



**बेधड़क. जयपुर।** नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स ऑफ आर्किटेक्चर (नासा) जोन वन और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की मेजबानी में हुए 66वें जोनल नासा कन्वेंशन में कई एक्टिविटीज का संयोजन देखने को मिला। यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित हुए आर्किटेक्चर फील्ड के कन्वेंशन में देश भर के करीब 1500 आर्किटेक्चर स्टूडेंट्स शामिल हुए, जिनके लिए नामी आर्किटेक्ट्स के की-नोट सेशन, सेमिनार व वर्कशॉप आयोजित हुए और इंटरेक्शन किया गया। आर्किटेक्ट गुरजीत सिंह मथारू, अनु मृदुल और दीक्षु कुकरेजा ने की-नोट स्पीच में बेहतर आर्किटेक्ट बनने के टिप्स दिए। गुरजीत सिंह ने कंक्रीट प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी दी। आर्किटेक्ट यश प्रताप सिंह ने कंजर्वेशन आर्किटेक्चर तथा विभा विस्पुते ने फ्लुइड आर्ट की बारीकियों को बताया। शिखा सिंह ने इंटीरियर डिजाइन की खूबसूरती का अहसास कराया। डी-15 ट्रॉफी में प्रतिभागी स्टूडेंट्स ने 15 घंटे के निर्धारित समय में अर्बन डिजाइन पर आधारित मॉडल तैयार किए। फैशन शो आकर्षण का केंद्र रहा।

### जयपुर आई कलाकारों की 'मंडली'



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में एक बार फिर बॉलीवुड कलाकारों की उपस्थिति रही और उन्होंने मूवी प्रमोशन के साथ ही जयपुराइट्स से जर्नी शेयर करते हुए केक काटकर खुशियां मनाईं। ये थे फिल्म मंडली के कलाकार, जिनमें चरित्र अभिनेता ब्रजेंद्र काला और एक्ट्रेस आंचल मुंजाल शामिल थे। दोनों ने मूवी और अपने केरेक्टर्स के बारे में बताया। ब्रजेंद्र काला का क्रेज युवाओं के साथ हर उम्र के लोगों में दिखा। वर्षों से जिस अदाकार को पर्दे पर देखते आ रहे हैं, जब वह सामने आए तो लोगों में फोटोज क्लिक कराने की होड़ दिखाई दी।

### धम्मचक्र परिवर्तन दिवस मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में संस्था कैंपस में अशोक विजयादशमी व धम्मचक्र परिवर्तन दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। सम्राट अशोक के जीवन दर्शन व बाबा साहेब डॉ. बीआर अम्बेडकर के धम्मचक्र परिवर्तन पर सोसायटी के पदाधिकारी जीएल वर्मा महासचिव, नरेंद्र अवस्थी उपाध्यक्ष व जीएस सोमवत तथा भागचंद ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में सोसायटी पदाधिकारी महेश धावनिया, एडवोकेट गुरुप्रसाद लेखरा, रणजीत सिंह जाटव, शिव शंकर छत्रपति, एचआर परमार, आरजी बुनकर, बीपी सिंह, एनएल रमेश, गोपीचंद, रमेश बैरवा, राजेन्द्र सिंह बौद्ध, एडवोकेट पंकज कुमार, नरेश बैरवा, पीके महेरिया ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक को नमन किया।

## जेकेके में दशहरा नाट्य उत्सव का समापन

# रावण ने प्रभु श्रीराम को किया प्रणाम, उसके बाद त्यागे प्राण



**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित 5 दिवसीय दशहरा नाट्य उत्सव के अंतिम दिन 17 प्रसंगों को मंच पर साकार किया गया। राम दरबार की झांकी के बाद उत्सव का समापन हुआ।

रोष-होश-जोश राम, भावना का कोष राम, प्रेम परितोष राम, राम गुणधाम हैं जैसे शब्दों से राम के गुणों के बखान के साथ प्रस्तुति की शुरुआत हुई। कुंभकरण को जगाने के दौरान कलाकारों ने दर्शकों को गुदगुदाया। कुंभकरण व रावण की वार्ता ने नीतिगत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। विभीषण के संवादों से धर्म की व्याख्या का प्रयास किया गया, वहीं कुंभकरण ने भाइयों के बीच संबंधों का वर्णन किया।

भीषण युद्ध के बाद कुंभकरण की मौत लंका में कोहराम मचा देती है। लक्ष्मण और इंद्रजीत के बीच युद्ध के दौरान इंद्रजीत के दिव्य रथ को बखूबी दिखाया गया। अंततः तलवारों के टकराव से निकली चिंगारियों ने इंद्रजीत को लील लिया। राम और रावण का युद्ध देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। विजयादशमी के दिन रावण के वध के साथ अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश दिया गया। 'शुभ कार्य शीघ्र करना अच्छा, दुष्कर्म टले जितना टालो।' रावण ने इसी संदेश के साथ राम नाम लेकर अपने प्राण त्यागे।

गौरतलब है कि 20 से 24 अक्टूबर तक दशहरा नाट्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस प्रस्तुति को लगभग 150 लोगों की सक्रीय भागीदारी ने सफल बनाया।

## आर्यिका विशेषमति माताजी के दीक्षा दिवस

# 16 मंडलीय भक्तामर मंडल विधान के साथ गुरु पूजन




**बेधड़क | जयपुर**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में बालयोगिनी आर्यिका विशेषमति माताजी के दीक्षा दिवस के उपलक्ष में चल रहे दस दिवसीय कार्यक्रम का मंगलवार को मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मंगलवार को आर्यिका श्री का सोलहवां दीक्षा दिवस मनाया गया, जिसमें साज बाज के साथ 16 मंडलीय भक्तामर मंडल विधान के साथ गुरु पूजन आदि विधानाचार्य पं. प्रमोद पदमपुरा तथा संगीतकार दुर्गेश नैनवा के सानिध्य में भक्ति के कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

इससे पूर्व भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को सौधर्म इंद्र कैलाश अनीता बिंदायक्या द्वारा पाण्डुकशिला पर विराजमान कर अभिषेक शांतिधारा की गई। चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन राजस्थान जैन सभा के सुभाष जैन पांड्या, वीर सेवक मंडल के महेश काला, जैन बैंकर्स के भाग चंद, संस्कृत कॉलेज के महेश चंदवाड़, महासभा के कमल बाबू जैन, जैन गजट के महावीर जैन, युवा सभा के प्रदीप जैन, नरेंद्र जैन निखार वाले, प्रभात भैया, सुरेश भोंच, सुरेंद्र काला दुर्गापुरा द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट व पादप्रक्षालन नरेश महिमा सेठी ने तथा वस्त्र भेंट राजकुमार सुनीता जैन चौथ का बरवाड़ा ने किया। आर्यिका श्री ने इस दिन को गुरु आशीर्वाद व संयम दिवस बताया। अंत में प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने समाज महिला मंडल युवा मंच ने आभार जताया।

**लोक कला का महाकुंभ** | जवाहर कला केन्द्र में 29 अक्टूबर से होगा आयोजन

# 2500 कलाकार पेश करेंगे देश की संस्कृति की झलक

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी एक बार फिर लोक रंग के रंगों से सरोबार होगी और देश भर की संस्कृति यहां मयूर नृत्य की तरह खुशियां बांटेगी। इसके लिए 11 दिनों तक देश के 25 राज्यों के 2500 से ज्यादा कलाकार जयपुर में होंगे।

ये सब देखने को मिलेगा जवाहर कला केन्द्र की ओर से 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक होने वाले 26वें लोकरंग महोत्सव में। जेकेके में राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले को लेकर तैयारियां जारी हैं। ग्यारह दिवसीय महोत्सव में भारत का विराट लोक सांस्कृतिक स्वरूप साकार होगा। लोकरंग को लेकर केन्द्र की सोशल मीडिया टीम की ओर से एक विशेष कैम्पेन भी चलाया जा रहा है, जिसमें वीडियो से विभिन्न लोक कलाओं की जानकारी कला प्रेमियों तक पहुंचाई जा रही है।



### इन राज्यों के आएंगे कलाकार

देश के विभिन्न प्रांतों से लोक कलाकारों को महोत्सव में आमंत्रित किया गया है। इनमें राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, तेलंगाना, बिहार, झारखंड, असम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के कलाकार शामिल हैं। महोत्सव में रोजाना मध्यवर्ती में शाम 7 बजे से लोक कलाओं की प्रस्तुतियां होंगी।

### प्रदर्शित होगा दस्तकारों का हुनर

शिल्पग्राम में लगने वाले राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में 100 से अधिक स्टॉल्स लगाई जाएंगी। इनमें पुरस्कृत शिल्पियों व राष्ट्र स्तर पर पुरस्कृत शिल्पियों सहित डीसीएच के कार्ड धारक हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित कलात्मक हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक तक रोजाना सुबह 11 से रात 9.30 बजे तक खुली रहेगी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 25 अक्टूबर, 2023





नेक लोगों की संगत से हमेशा भलाई ही मिलती है, क्योंकि हवा जब फूलों से गुजरती है तो वो भी महक ही जाती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इजराइल: 9/11 का हवाला देकर बोले... यह बर्बरता-सभ्यता के बीच युद्ध जैसा



# हमास का हमला होलोकास्ट की तरह: पीएम नेतन्याहू

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच इस महीने की शुरुआत से जंग अभी भी जारी है। आतंकी संगठन हमास के हमले ने दुनिया भर में तहलका मचा दिया है। अमेरिका समेत कई देश इस हमले की निंदा की हैं। वहीं, कई वैश्विक नेता एक के बाद एक इजराइल का दौरा कर उसे अपना समर्थन दे रहे हैं। इसी क्रम में फ्रांस के राष्ट्रपति भी तेल अवीव पहुंचे हैं। उनके साथ मुलाकात के बाद इस्राइल के पीएम नेतन्याहू ने हमास के हमले की तुलना होलोकास्ट से की।

उन्होंने कहा कि ये दोनों एक तरह हैं। नेतन्याहू ने इस दौरान ऐनी फ्रैंक पर हुए जुल्मों को भी याद किया। नेतन्याहू का यह बयान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात के बाद आया है। इससे पहले, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इजराइल के प्रति अपना समर्थन जताया था। उन्होंने कहा था कि आतंकवाद इजराइल और फ्रांस का 'साझा दुश्मन' है। उन्होंने नेतन्याहू से कहा था हमास के खिलाफ युद्ध में आप अकेले नहीं हैं। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सात अक्तूबर को हमास ने इजराइल पर हमला किया था। यह 9/11 के बाद से दुनिया का सबसे भयानक आतंकवादी हमला था, लेकिन इजराइल के लिए यह होलोकास्ट की तरह है। उन्होंने कहा कि इस दौरान की सभी भयावहताओं को बताना बहुत मुश्किल है। हमले के समय ऐनी फ्रैंक की तरह जब यहूदी बच्चे इन राक्षसों से बचने के लिए अटारियों में छिप गए तब भी उन्हें ढूंढ लिया गया और मार डाला गया। उन्होंने आगे कहा कि हमास ने बच्चों का सिर काट दिया, उन्हें जिंदा जला दिया। हमास ने महिलाओं के साथ बलात्कार किया, उनका, बच्चों और बुजुर्गों को बंधक बना लिया।



### होलोकॉस्ट क्या था?

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजियों ने लगभग 60 लाख यूरोपीय यहूदियों की हत्या कर दी थी। इसी नरसंहार को होलोकॉस्ट कहा जाता है। होलोकॉस्ट को समूचे यहूदी लोगों को जड़ से खत्म कर देने का सोचा-समझा और योजनाबद्ध प्रयास बताया जाता है।

### 'हमास को खत्म करने की जरूरत'

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध के 18वें दिन दोनों तरफ से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। अमेरिकी यहूदी समिति (एजेंसी) में भारतीय-यहूदी संबंधों के कार्यक्रम निदेशक निसिम बी रूबेन ने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां यहूदियों पर अत्याचार नहीं हुआ। वहीं हमास को बर्बर आतंकवादी संगठन करार देते हुए अमेरिकी सांसद थानेदार ने कहा कि इसे जड़ से उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। अमेरिका के कैपिटल हिल (संसद परिसर) में भारतीय मूल के सांसद थानेदार ने कांग्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हमास कोई उग्रवादी समूह नहीं है। हमास कोई विरोधी आंदोलन नहीं है। वे लोग केवल बर्बर आतंकवादी हैं। उन्हें किसी और तरीके से परिभाषित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर हमास को नहीं किया खत्म तो वो फिर आएंगे।

## क्रेमलिन ने रूसी राष्ट्रपति की हार्ट अटैक की खबरों को बताया अफवाह

# व्लादिमीर पुतिन को पूरी तरह से बताया फिट और स्वस्थ

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस की सरकार ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हार्ट अटैक और बीमार होने की खबरों का पूरी तरह से खंडन किया है। क्रेमलिन ने साथ ही पुतिन के सार्वजनिक कार्यक्रमों में बॉडी डबल्स के इस्तेमाल करने की खबरों को भी मजाक बताया है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव से जब एक रूसी टेलीग्राम चैनल की बिना स्रोत वाली रिपोर्ट के बारे में पूछा गया, जिसे कुछ पश्चिमी मीडिया ने उठाया था, तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ सब कुछ ठीक है, यह बिल्कुल झूठी खबर है। बॉडी डबल्स के बारे में एक और सवाल के जवाब में प्रवक्ता हंसे और इस बात से इनकार किया कि पुतिन के पास ऐसा कुछ है। पेसकोव ने कहा कि यह बेतुकी सूचना अफवाहों की श्रेणी में आती है, जिस पर मीडिया की एक बड़ा समूह बहुत दिलचस्पी के साथ चर्चा करता है। इस पर हंसी के अलावा और कुछ नहीं आता। दुनिया की सबसे शक्तिशाली हस्तियों में से एक पुतिन ने 2020 के एक इंटरव्यू के दौरान लंबे समय से चली आ रही अफवाहों का खंडन किया कि वह बॉडी डबल का उपयोग करते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें सुरक्षा कारणों से अतीत में इस तरह से बॉडी डबल का इस्तेमाल करने का मौका दिया गया था।



### पुतिन 7 अक्टूबर को 71 वर्ष के हो गए

ग्लोबल लेवल पर लंबे समय से 'एक्शन मैन' की छवि बनाई रखने वाले पुतिन 7 अक्टूबर को 71 वर्ष के हो गए। वह अक्सर बैठकों और कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होते रहता हैं। इनमें से कई टेलीविजन पर ब्रॉडकास्ट होते हैं। पुतिन ने अपने हालिया कार्यक्रम के रूप में पिछले हफ्ते चीन की यात्रा शामिल की थी। वह अपनी यात्रा से वापसी के दौरान रूस के दो शहरों में रुके भी थे।

## तीर्थयात्रियों से भरी कार पलटी, 13 लोग घायल

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के पास एक सड़क दुर्घटना में 12 भारतीय समेत 13 लोग घायल हो गए। घायलों में नेपाली चालक भी शामिल है। सभी विजयादशमी के अवसर पर तीर्थयात्रा के लिए काठमांडू घाटी जा रहे थे। काठमांडू से लगभग 25 किलोमीटर दूर पश्चिम में एक एसयूवी के पलट जाने से 13 लोग घायल हो गए।

## चीन ने रक्षा मंत्री शांगफू को पद से हटाया



**एजेंसी** | ताइपे

पिछले दो महीने से लापता चल रहे चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू को पद से हटा दिया गया है। उन्हें पद से हटाने के पीछे कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। रक्षा मंत्री ली शांगफू पिछले दो महीने से गायब हैं और उनके बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पाई है। चीनी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले पूर्व चीनी विदेश मंत्री किन गैंग भी गायब हो चुके हैं। उनके बारे में भी अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उन्हें जुलाई में बिना किसी स्पष्टीकरण के विदेश मंत्री के पद से हटा दिया गया था।

## पाक का एक सप्ताह में दूसरा सफल परीक्षण

# गौरी मिसाइल का किया परीक्षण

**एजेंसी** | इस्लामाबाद



पाकिस्तान ने मंगलवार को अपनी गौरी मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। गौरतलब है कि एक हफ्ते पहले ही पाकिस्तान ने अपनी एक अन्य बैलिस्टिक मिसाइल अबाबील का भी परीक्षण किया था।

पाकिस्तानी सेना ने बयान में कहा कि इस लॉन्च का उद्देश्य सेना की स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड की तैयारी और संचालन को जांचने के लिए था। गौरी मिसाइल की लॉन्चिंग पाकिस्तानी सेना की स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड के कमांडर, अन्य शीर्ष अधिकारियों और वैज्ञानिकों के सामने की गई। सफल परीक्षण के लिए कमांडर ने वैज्ञानिकों और इंजीनियर्स को बधाई दी। गौरी मिसाइल का यह परीक्षण अमेरिका के उस कदम के बाद आया है, जिसमें अमेरिका ने चीन की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन कंपनियों पर आरोप है कि ये पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए उपकरणों की सप्लाई कर रहीं थी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर और सेना के शीर्ष अधिकारियों ने सफल लॉन्च के लिए बधाई दी।

### अबाबील मिसाइल का 18 अक्टूबर को किया था परीक्षण

बीती 18 अक्तूबर को पाकिस्तान ने अपनी अबाबील मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया था। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी थी। बता दें कि पाकिस्तान की बैलिस्टिक मिसाइल गौरी का रेंज 1300 किलोमीटर तक है और यह पारंपरिक के साथ ही परमाणु हथियार भी ले जाने में सक्षम है। वहीं अबाबील मिसाइल की रेंज 220 किलोमीटर तक है। अबाबील मिसाइल एक समय में कई लक्ष्यों को भेदने की ताकत रखती है।

## श्रीलंका कैबिनेट ने सात देशों के लिए प्रस्ताव को दी मंजूरी

# अब बिना वीजा श्रीलंका की यात्रा कर सकेंगे भारतीय

**एजेंसी** | कोलंबो

भारत के लोग अब बिना वीजा के पड़ोसी देश श्रीलंका की यात्रा कर सकेंगे। श्रीलंका की कैबिनेट ने भारत समेत सात देशों के यात्रियों को बिना वीजा देश की यात्रा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय कर्ज में डूबे द्वीप राष्ट्र के पर्यटन क्षेत्र के पुनर्निर्माण के प्रयासों के तहत लिया गया है। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने मंगलवार को कहा कि इसे 31 मार्च, 2024 तक पायलट प्रोजेक्ट की तरह शुरू किया जाएगा।



**सात देशों को मिली निशुल्क प्रवेश की अनुमति:** कैबिनेट ने भारत समेत चीन, रूस, मलेशिया, जापान, इंडोनेशिया और थाईलैंड के यात्रियों को तत्काल प्रभाव से निशुल्क प्रवेश की अनुमति दे दी। इन देशों के यात्री श्रीलंका की यात्रा करने आने के लिए निशुल्क वीजा प्राप्त कर सकेंगे। सितंबर में श्रीलंका आने वाले यात्रियों के आंकड़ों के मुताबिक, 30 हजार यात्रियों व 26 प्रतिशत के साथ भारत पहले और आठ हजार यात्रियों के साथ चीन दूसरे नंबर पर है।

**2019 में हुए धमाके के बाद कम हुए पर्यटक:** 2019 में ईस्टर रविवार धमाके के बाद श्रीलंका आने वाले यात्रियों की संख्या में कमी आई थी। धमाके में 11 भारतीय समेत 270 लोगों की मौत हो गई थी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl